यदि हम यह विशाल संग्रह साहित्य-जगत को दे सके तो यह संस्था के लिये ही नहीं किन्तु राजस्थानी ग्रौर हिन्दी जगत के लिये भी एक गौरव की बात होगी ।

३. आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का प्रकाशन

इसके अंतर्गत निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं:—

१. कळायरण, ऋतु काव्य । ले० श्री नानूराम संस्कर्ता ।

२. आभै पटकी, प्रथम सामाजिक उपन्यास । ले० श्री श्रीलाल जोशी ।

३. वरस गांठ, मौलिक कहानी संग्रह । ले० श्री मुरलीधर व्यास ।

'राजस्थान-भारती' में भी आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का एक अलग स्तम्भ है, जिसमें भी राजस्थानी कवितायें. कहानियां और रेखाचित्र आदि छपते रहते हैं ।

४. 'राजस्थान-भारती' का प्रकाशन

इस विख्यात शोधपत्रिका का प्रकाशन संस्था के लिये गौरव की वस्तु है । गत १४ वर्षों से प्रकाशित इस पत्रिका की विद्वानों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है । बहुत चाहते हुए भी द्रव्याभाव, प्रेस की एवं अन्य कठिनाइयों के कारण, त्रैमासिक रूप से इसका प्रकाशन संभव नहीं हो सका है । इसका भाग ५ अंक ३–४ 'डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी विशेषांक' बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है। यह अंक एक विदेशी विद्वान की राजस्थानी साहित्य सेवा का एक बहुमूल्य सचित्र कोश है । पत्रिका का अगला ७वां भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है । इसका अंक १–२ राजस्थानी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि पृथ्वीराज राठोड़ का सचित्र और वृहत् विशेपांक है । अपने ढंग का यह एक ही प्रयत्न है ।

पत्रिका की उपयोगिता और महत्व के संबंध में इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि इसके परिवर्तन में भारत एवं विदेशों से लगभग ८० पत्र-पत्रिकाएं हमें प्राप्त होती हैं । भारत के अतिरिक्त पाश्चात्य देशों में भी इसकी मांग है व इसके ग्राहक हैं । शोधकर्त्ताओं के लिये 'राजस्थान-भारती' अनिवार्यतः संग्रहणीय शोध-पत्रिका है । इसमें राजस्थानी भाषा, साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, कला आदि पर लेखों के अतिरिक्त संस्था के तीन विशिष्ट सदस्य डा० दशरथ शर्मा, श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री अगरचंद नाहटा की वृहत् लेख सूची भी प्रकाशित की गई है ।

५. राजस्थानी साहित्य के प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रन्थों का अनुसंधान, सम्पादन एवं प्रकाशन

हमारी साहित्य-निधि की प्राचीन, महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों को सुरक्षित रखने एवं सर्वसुलभ कराने के लिये सुसम्पादित एवं शुद्ध रूप में मुद्रित करवा कर उचित मूल्य में वितरित करने की हमारी एक विशाल योजना है। संस्कृत, हिंदी और राजस्थानी के महत्वपूर्ण ग्रंथों का अनुसंधान और प्रकाशन संस्था के सदस्यों की ओर से निरंतर होता रहा है, जिसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है—

६. पृथ्वीराज रासो

पृथ्वीराज रासो के कई संस्करण प्रकाश में लाये गये हैं और उनमें से लघुतम संस्करण का सम्पादन करवा कर उसका कुछ अंश 'राजस्थान-भारती' में प्रकाशित किया गया है। रासो के विविध संस्करण और उसके ऐतिहासिक महत्व पर कई लेख राजस्थान-भारती में प्रकाशित हुए हैं।

७. राजस्थान के अज्ञात कवि जान (न्यामतखां) की ७५ रचनाओं की खोज की गई। जिसकी सर्वप्रथम जानकारी 'राजस्थान-भारती' के प्रथम अंक में प्रकाशित हुई है। उनका महत्वपूर्ण ऐतिहासिक 'काव्य क्यामरासा' तो प्रकाशित भी करवाया जा चुका है।

८. राजस्थान के जैन संस्कृत साहित्य का परिचय नामक एक निबंध राजस्थान-भारती में प्रकाशित किया जा चुका है।

९. मारवाड़ क्षेत्र के ५०० लोकगीतों का संग्रह किया जा चुका है। बीकानेर एवं जैसलमेर क्षेत्र के सैंकड़ों लोकगीत, घूमर के लोकगीत, बाल लोकगीत, लोरियां, और लगभग ७०० लोक कथाएं संग्रहीत की गई हैं। राजस्थानी कहावतों के दो भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। जीणमाता के गीत, पाबूजी के पवाड़े और राजा भरथरी आदि लोक काव्य सर्वप्रथम 'राजस्थान-भारती' में प्रकाशित किए गए हैं।

१०. बीकानेर राज्य के और जैसलमेर के अप्रकाशित अभिलेखों का विशाल संग्रह 'बीकानेर जैन लेख संग्रह' नामक बृहत् पुस्तक के रूप में प्रकाशित हो चुका है।

११. जसवंत उद्योत, मुंहता नैणसी री ख्यात और अनोखी आन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथों का सम्पादन एवं प्रकाशन हो चुका है।
१२. जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी के सचिव कविवर उदयचन्द भंडारी की ४० रचनाओं का अनुसन्धान किया गया है और महाराजा मानसिंहजी की काव्य-साधना के सम्बन्ध में भी सबसे प्रथम 'राजस्थान भारती' में लेख प्रकाशित हुआ है।
१३. जैसलमेर के अप्रकाशित १०० शिलालेखों और 'भट्टि वंश प्रशस्ति' आदि अनेक अप्राप्य और अप्रकाशित ग्रंथ खोज-यात्रा करके प्राप्त किये गये हैं।
१४. बीकानेर के मस्तयोगी कवि ज्ञानसारजी के ग्रंथों का अनुसन्धान किया गया और ज्ञानसागर ग्रंथावली के नाम से एक ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान के महान विद्वान महोपाध्याय समयसुन्दर की ५६३ लघु रचनाओं का संग्रह प्रकाशित किया गया है।
१५. इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा—

(१) डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी, समयसुन्दर, पृथ्वीराज और लोकमान्य तिलक आदि साहित्य-सेवियों के निर्वाण-दिवस और जयन्तियां मनाई जाती हैं।

(२) साप्ताहिक साहित्य गोष्ठियों का आयोजन बहुत समय से किया जा रहा है, इसमें अनेकों महत्वपूर्ण निबंध, लेख, कविताएं और कहानियां आदि पढ़ी जाती हैं, जिससे अनेक विध नवीन साहित्य का निर्माण होता रहता है। विचार विमर्श के लिये गोष्ठियों तथा भाषणमालाओं आदि के भी समय-समय पर आयोजन किये जाते रहे हैं।
१६. बाहर से ख्याति प्राप्त विद्वानों को बुलाकर उनके भाषण करवाने का आयोजन भी किया जाता है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, डा० कैलाशनाथ काटजू, राय श्रीकृष्णदास, डा० जी० रामचन्द्रम्, डा० सत्यप्रकाश, डा० डब्लू० एलेन, डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डा० तिबेरिओ-तिबेरी आदि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण हो चुके हैं।

गत दो वर्षों से महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ आसन की स्थापना की गई है। दोनों वर्षों के आसन-अधिवेशनों के अभिभाषक क्रमशः राजस्थानी भाषा के प्रकाण्ड

विद्वान् श्री मनोहर शर्मा एम० ए०, बिसाऊ और पं० श्रीलालजी मिश्र एम० ए०, हूंडलोद थे ।

इस प्रकार संस्था अपने १६ वर्षों के जीवनकाल में, संस्कृत, हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की निरंतर सेवा करती रही है । आर्थिक संकट से ग्रस्त इस संस्था के लिये यह सम्भव नहीं हो सका कि यह अपने कार्यक्रम को नियमित रूप से पूरा कर सकती, फिर भी यदा कदा लड़खड़ा कर गिरते पड़ते इसके कार्यकर्ताओं ने 'राजस्थान-भारती' का सम्पादन एवं प्रकाशन जारी रखा और यह प्रयास किया कि नाना प्रकार की बाधाओं के बावजूद भी साहित्य सेवा का कार्य निरंतर चलता रहे । यह ठीक है कि संस्था के पास अपना निजी भवन नहीं है, न अच्छा संदर्भ पुस्तकालय है, और न कार्यालय को सुचारु रूप से सम्पादित करने के समुचित साधन ही हैं; परन्तु साधनों के अभाव में भी संस्था के कार्यकर्ताओं ने साहित्य की जो मौन और एकान्त साधना की है वह प्रकाश में आने पर संस्था के गौरव को निश्चित ही बढ़ा सकने वाली होगी ।

राजस्थानी-साहित्य-भंडार अत्यन्त विशाल है । अब तक इसका अत्यल्प अंश ही प्रकाश में आया है । प्राचीन भारतीय वाङ्मय के अलभ्य एवं अनर्घ रत्नों को प्रकाशित करके विद्वज्जनों और साहित्यिकों के समक्ष प्रस्तुत करना एवं उन्हें सुगमता से प्राप्त करना संस्था का लक्ष्य रहा है । हम अपनी इस लक्ष्य पूर्ति की ओर धीरे-धीरे किन्तु दृढ़ता के साथ अग्रसर हो रहे हैं ।

यद्यपि अब तक पत्रिका तथा कतिपय पुस्तकों के अतिरिक्त अन्वेषण द्वारा प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण सामग्री का प्रकाशन करा देना भी अभीष्ट था, परन्तु अर्थाभाव के कारण ऐसा किया जाना सम्भव नहीं हो सका । हर्ष की बात है कि भारत सरकार के वैज्ञानिक संशोध एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मन्त्रालय (Ministry of scientific Research and Cultural Affairs) ने अपनी आधुनिक भारतीय भाषाओं के विकास की योजना के अंतर्गत हमारे कार्यक्रम को स्वीकृत कर प्रकाशन के लिये १५०००) रु० इस मद में राजस्थान सरकार को दिये तथा राजस्थान सरकार द्वारा उतनी ही राशि अपनी ओर से मिलाकर कुल ३००००) तीस हजार की सहायता, राजस्थानी साहित्य के सम्पादन-प्रकाशन

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है; जिससे इस वर्ष निम्नोक्त ३१ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है।

१. राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोतमदास स्वामी
२. राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा० शिवस्वरूप शर्मा अचल
३. अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४. हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५. पद्मिनी चरित्र चौपई—	,, ,, ,,
६. दलपत विलास—	श्री रावत सारस्वत
७. डिंगल गीत—	,, ,, ,,
८. पंवार वंश दर्पण—	डा० दशरथ शर्मा
९. पृथ्वीराज राठोड़ ग्रंथावली—	श्री नरोतमदास स्वामी और श्री बदरीप्रसाद साकरिया
१०. हरिरस—	श्री बदरीप्रसाद साकरिया
११. पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१२. महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३. सीताराम चौपई—	श्री अगरचंद नाहटा
१४. जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचंद नाहटा और डा० हरिवल्लभ भायाणी
१५. सदयवत्स वीर प्रबंध—	प्रो० मंजुलाल मजूमदार
१६. जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७. विनयचंद कृतिकुसुमांजलि—	,, ,, ,,
१८. कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१९. राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२०. वीर रस रा दूहा—	,, ,, ,,
२१. राजस्थान के नीति दोहे—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२. राजस्थानी व्रत कथाएं—	,, ,, ,,
२३. राजस्थानी प्रेम कथाएं—	,, ,, ,,
२४. चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५. मह्ली—.	श्री अगरचंद नाहटा और म: विनय सागर
२६. जिनहर्ष ग्रंथावली	श्री अगरचंद नाहटा
२७. राजस्थानी हस्त लिखित ग्रंथों का विवरण	,, ,,
२८. दम्पति विनोद	,, ,,
२९. हीयाली-राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य	,, ,,
३०. समयसुन्दर रासत्रय	श्री भंवरलाल नाहटा
३१. दुरसा आढा ग्रंथावली	श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक साधन संग्रह (संपा० डा० दशरथ शर्मा), ईसरदास ग्रंथावली (संपा० बदरीप्रसाद साकरिया), रामरासो (प्रो० गोवर्द्धन शर्मा), राजस्थानी जैन साहित्य (ले० श्री अगरचंद नाहटा), नागदमण (संपा० बदरीप्रसाद साकरिया) मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रंथों का संपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नहीं हो रहा है।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एवं गुरुता को लक्ष्य में रखते हुए अगले वर्ष इससे भी अधिक सहायता हमें अवश्य प्राप्त हो सकेगी जिससे उपरोक्त संपादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथों का प्रकाशन संभव हो सकेगा।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षा विकास सचिवालय के आभारी हैं, जिन्होंने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्रान्ट-इन-एड की रकम मंजूर की।

राजस्थान के मुख्य मंत्री माननीय मोहनलालजी सुखाड़िया, जो सौभाग्य से शिक्षा मंत्री भी हैं और जो साहित्य की प्रगति एवं पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट हैं, का भी इस सहायता के प्राप्त कराने में पूरा-पूरा योगदान रहा है। अतः हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रगट करते है।

राजस्थान के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते हैं, जिन्होंने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया, जिससे हम इस वृहद् कार्य को सम्पन्न करने में समर्थ हो सके। संस्था उनकी सदैव ऋणी रहेगी।

इतने थोड़े समय में इतने महत्वपूर्ण ग्रन्थों का संपादन करके संस्था के प्रकाशन-कार्य में जो सराहनीय सहयोग दिया है, इसके लिये हम सभी ग्रन्थ सम्पादकों व लेखकों के अत्यन्त आभारी हैं।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, स्व० पूर्णचन्द्र नाहर संग्रहालय कलकत्ता, जैन भवन संग्रह कलकत्ता, महावीर तीर्थक्षेत्र अनुसंधान समिति जयपुर, ओरियंटल इन्स्टीट्यूट बड़ोदा, भांडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना, खरतरगच्छ वृहद् ज्ञान भण्डार बीकानेर, एशियाटिक सोसाइटी बंबई, आत्माराम जैन ज्ञानभंडार बड़ोदा, मुनि पुण्यविजयजी, मुनि रमणिक विजयजी, श्री सीताराम लालस, श्री रविशंकर देराश्री, पं० हरिदत्तजी गोविंद व्यास जैसलमेर आदि अनेक संस्थाओं और व्यक्तियों से हस्तलिखित प्रतियां प्राप्त होने से ही उपरोक्त ग्रंथों का संपादन सम्भव हो सका है। अतएव हम इन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं।

ऐसे प्राचीन ग्रन्थों का सम्पादन श्रमसाध्य है एवं पर्याप्त समय की अपेक्षा रखता है। हमने अल्प समय में ही इतने ग्रन्थ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया इसलिये त्रुटियों का रह जाना स्वाभाविक है। गच्छतः स्खलनंक्वपि भवत्येव प्रमादतः, हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति साधवः।

आशा है विद्वद्वृन्द हमारे इन प्रकाशनों का अवलोकन करके साहित्य का रसास्वादन करेंगे और अपने सुझावों द्वारा हमें लाभान्वित करेंगे जिससे हम अपने प्रयास को सफल मानकर कृतार्थ हो सकेंगे और पुनः मां भारती के चरण कमलों में विनम्रतापूर्वक अपनी पुष्पांजलि समर्पित करने के हेतु पुनः उपस्थित होने का साहस बटोर सकेंगे।

निवेदक

लालचन्द कोठारी

प्रधान-मन्त्री

सादूल राजस्थानी-इन्स्टीट्यूट

बीकानेर

बीकानेर,

मार्गशीर्ष शुक्ला १५

संवत् २०१७

दिसम्बर ३, १९६०

रानी पद्मिनी — एक विवेचन

भारतीय इतिहास के अनेक व्यक्ति भावना विशेष के प्रतीक बन चुके हैं। भगवान् राम मर्यादापुरुषोत्तम हैं तो कृष्ण तत्त्ववेत्ता और दूरदर्शी राजनीतिज्ञ। पृथ्वीराज विलासप्रिय क्षत्रिय है तो जयचन्द्र मत्सरयुक्त देशद्रोही। एक ओर महाराणा प्रताप हैं तो दूसरी ओर राजा मानसिंह। इनमें भामाशाह है तो माधव और राघव चैतन्य भी। जहाँ दानवावतार अलाउद्दीन है, वहाँ पातिव्रत्य की रक्षा में सहायक और जीवदानी गोरा भी। संयोगिता सामान्य जन मानस में महाभारत रचयित्री द्रौपदी का अवतार है। पद्मिनी अनुपम सौन्दर्य का ही नहीं, बुद्धियुक्त धैर्य, असीम साहस और पातिव्रत्य का भी प्रतीक बन चुकी है, और उसकी गाथा को अनेक रूप में कवियों ने प्रस्तुत किया है। किन्तु किसी आदर्श-विशेष का प्रतीक बनना या अनेकशः वर्णित होना ही, किसी व्यक्ति की ऐतिहासिकता सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सम्भावना अवश्य हो सकती है कि ऐसे व्यक्ति रहे होंगे; किन्तु यह सम्भावना यदि इतिहास से ज्ञात तथ्यों के विरुद्ध हो तो उसे छोड़ने में भी कोई दोष नहीं है। पद्मिनी की ऐतिहासिकता

भी इसी कसौटी पर परख कर सिद्ध या असिद्ध की जा सकती है।

पद्मिनी का सबसे प्रसिद्ध वर्णन सन् १५४० ई० में रचित जायसी के 'पद्मावत' काव्य में है। उसके अनुसार पद्मिनी सिंहलद्वीप के राजा गंधर्वसेन की पुत्री थी और रतनसेन चित्तौड़ का राजा था। हीरामन तोते के मुख से पद्मिनी के सौन्दर्य का वर्णन सुनकर रतनसेन योगी बनकर सिंहल पहुँचा और अन्ततः पद्मिनी से विवाह करने में सफल हुआ। चित्तौड़ की राज्य सभा में राघवचेतन नाम का एक तांत्रिक ब्राह्मण था। राज्य से निर्वासित होने पर वह दिल्ली पहुँचा। उसने अलाउद्दीन के सामने पद्मिनी के सौन्दर्य की इतनी प्रशंसा की कि सुल्तान ने पद्मिनी की प्राप्ति के लिए चित्तौड़ पर घेरा डाल दिया। जब बल से काम न चला तो अलाउद्दीन ने छल से काम लिया। वह अतिथि रूप में चित्तौड़ पहुँचा और दर्पण में पद्मिनी का प्रतिबिंब देखकर मुग्ध हो गया। जब राजा उसे पहुँचाने के लिए सातवें द्वार तक पहुँचा तो अलाउद्दीन ने उसे सहसा पकड़ लिया और कैदी बनाकर दिल्ली ले गया। कैद से छुटने की केवल मात्र शर्त यही थी वह पद्मिनी को दे दे। उधर गोरा और बादल की सलाह से पद्मिनी ने भी छल से राजा को छुड़ाने का निश्चय किया। वह सोलह सौ डोलियों में स्त्री वेषधारी राजकुमारों को बिठला कर दिल्ली पहुँची। थोड़ी सी देर के लिए राजा से मिलने का बहाना कर पद्मिनी

ने राजा को कैद से छुड़ाया और स्वयं बलपूर्वक नगर से बाहर निकल गई। बादल उनके साथ चित्तौड़ पहुँचा। गोरा ने पीछा करने वाली मुसलमानी सेना से लड़कर वीरगति प्राप्त की। कुछ समय के बाद राजा ने कुम्भलमेर पर आक्रमण किया और घायल होकर स्वर्गस्थ हुआ। पद्मिनी और उसकी सपत्नी नागमती सती हुई। इतने में ही अलाउद्दीन ने चित्तौड़ पर फिर आक्रमण किया। इस बार अलाउद्दीन की विजय हुई। बादल युद्ध में काम आया और चित्तौड़ पर मुसल्मानों का अधिकार हुआ।

इस रूप में कथा ऐतिहासिक सी प्रतीत होती है। किन्तु जायसी ने सब कथा को रूपक बतला कर उसकी ऐतिहासिकता को अत्यन्त संशयास्पद बना दिया है। उसने लिखा है, "इस कथा में चित्तौड़ शरीर का, राजा मन का, सिंहलद्वीप हृदय का, पद्मिनी बुद्धि का, तोता मार्गदर्शक गुरु का, नागमती संसार के कामों की, राघव शैतान का और अलाउद्दीन माया का सूचक है[1]।"

फरिश्ता ने अपनी तवारीख पद्मावत से लगभग सत्तर वर्ष के बाद लिखी। उसकी कथा जायसी की कथा से मिलती

१—देखें डा० ओझा रचित, उदयपुर का इतिहास पहली जिल्द पृ० १८३-१८७

जुलती है। किन्तु उसने पद्मावती को राजा रतनसेन की पुत्री बना दी है[1]।

श्री अगरचन्दजी नाहटा के संग्रह में गोरा बादल कवित्त नाम की एक लघुकाय रचना है। भाषा और शैली की दृष्टि से यह रचना पद्मावत से कुछ विशेष अर्वाचीन प्रतीत नहीं होती। गोरा बादल विषयक अन्य रचनाओं में इसके अवतरण भी इसकी प्राचीनता के द्योतक हैं। इसमें भी रतनसेन गहलोत चित्तौड़ का राजा है। रानी नागमती के ताने से रुष्ट होकर वह सिंहल पहुँचा और पद्मिनी से विवाह कर चित्तौड़ वापस आया। खेल में अप्रसन्न होकर उसने राघव चैतन्य नाम के ब्राह्मण को देश से निकाल दिया। राघव चैतन्य ने दिल्ली पहुँच कर सब लोगों को अपनी अद्भुत तांत्रिक शक्ति से विस्मित कर दिया। उससे अलाउद्दीन ने पद्मिनी स्त्रियों के गुण सुने। सिंहल में पद्मिनीयाँ प्राप्त थी। किन्तु सिंहल और भारत के बीच में समुद्र होने के कारण वह सिंहल न पहुँच सका। जब उसने सुना कि रतनसेन के घर में भी पद्मिनी रानी थी तो वह चित्तौड़ पहुंचा। राजाने उसका आतिथ्य किया। बातें करते करते राजा ने दुर्गका अन्तिम फाटक पार किया तो सुल्तान ने राजा को पकड़ लिया। जब मंत्रियों ने रानी को दे कर राजा को छुड़ाने का निश्चय किया तो रानी

१—विशेष विवरण के लिए उपर्युक्त इतिहास देखें, पृ० १८८-१८९

गोरा के यहाँ पहुंची। उसने बादल को भी तैयार किया। पाँच सौ डोलियाँ तैयार हुई और एक एक डोली में पाँच-पांच आदमी बैठे। बादल ने स्वयं पद्मिनी का रूप धारण किया और राजा को बचा ले गया। गोरा युद्ध में काम आया[१]।

संवत् १६४५ में जैन कवि हेमरतन ने महाराणा प्रताप के राज्यकाल में इस वीर गाथा की अपने शब्दों में पुनरावृत्ति की। 'स्वामिधर्म' का प्रचार सम्भवतः इस नव्य रचना का मुख्य लक्ष्य था इसी कथा का परिवर्धन संवत् १७६० में भाग-विजय नाम के अन्य जैन कवि ने किया[२]।

जटमल नाहर रचित 'गोरा बादल चौपई' भी इस ग्रंथ में प्रकाशित हो रही है। इसका रचनाकाल वि० सं० १६८० है[३]। कथा में कुछ द्रष्टव्य बातें ये हैं :—

(क) चित्तोड़ का राजा रतनसेन चौहान है।

(ख) एक भाट से पद्मिनी के विषय में सुनकर वह सिंहल जाने का निश्चय करता है।

(ग) सिंहलराज ने बिना किसी आपत्ति के रतनसेन और पद्मावती का विवाह कर दिया और राघवचेतन को उसके साथ चित्तोड़ भेजा।

१—देखें इस संग्रह के पृ०१०९-१२८

२—देखें शोधपत्रिका भाग २, अङ्क २ पृष्ठ १०५-११४ पर श्री अगरचन्द नाहटा का लेख।

३—पृ० १८२-२०८

(घ) राघव को व्यर्थ ही चरित्रभ्रष्ट समझ कर रतनसेन ने देश से निकाल दिया।

(ङ) समुद्र के कारण सिंहल से पद्मिनी स्त्री की प्राप्ति में विफल होकर, अलाउद्दीन ने राघव चैतन्य के कहने पर चित्तौड़ पर चढ़ाई की।

(च) राजा ने अलाउद्दीन को पद्मिनी दिखलाई।

(छ) अलाउद्दीन ने द्वार पर राजा को पकड़ा।

(ज) मार से घबरा कर राजा ने पद्मावती को देने का संदेश चित्तौड़ भेजा।

(झ) मंत्री पद्मावती को देने के लिए तैयार हुए। किन्तु गोरा और बादल ने युद्ध की सलाह दी बाकी कथा प्रायः वैसी ही है जैसी गोरा बादल कवित्त की और सम्भवतः उसीके आधार पर रचित है।

इसके बाद सम्वत् १७०५-१७०७ में रचित लब्धोदय की पद्मिनी चरित चौपई भी इस संग्रह में प्रकाशित है[1]। कुछ परिवर्तन द्रष्टव्य हैं :—

(क) नागमती के स्थान पर इसमें रतनसेन की पहली रानी का नाम प्रभावती है।

(ख) सिंहल-प्रयाण की कथा कुछ और अतिरंजित है।

(ग) पद्मिनी के देने का विचार वही है, किन्तु मुख्यतः

1—देखें पृ० १-१०८

इस मंत्रणा का दोष सपत्नी प्रभावती के पुत्र वीरभाण को दिया गया है।

(ख) कथा भाग को यत्र-तत्र परिवर्द्धित कर दिया गया है।

दलपत—दौलतविजय के खुमाण-रासो में भी पद्मिनीकी कथा है[1] राघवचेतन्य से अलाउद्दीन ने राणा रतनसेन को पकड़ा। किन्तु इसमें रतनसेन जटमल नाहर की 'गोरा बादल चौपई' का कायर रतनसेन नहीं है, इसका अलाउद्दीन भी कुछ बादशाही शान रखता है। उसने गुण को परखना सीखा है।

राजपूत कालीन राजपूती का सुन्दर वर्णन भी इन शब्दों में दर्शनीय है।

रजपूतां ए रीत सदाई, मरणें मंगल हरखित थाई ॥४७॥
रिण रहचिया म रोय, रोए रण भांजे गया।
मरणे मंगल होय, इण घर आनां ही लगें ॥ ४८ ॥

इस विषय की अनेक अन्य कृतियां भी प्राप्त हैं[2]। टॉड ने अंग्रेजी में पद्मिनी का चरित्र प्रस्तुत किया है। उसने रतनसेन के स्थान पर भीमसिंह को रखा। पद्मिनी सिंहलद्वीप के राजा हमीरसिंह चौहान की पुत्री है। गोरा पद्मिनी का

१—देखें पृ० १२९-१८१

२—देखें शोध पत्रिका, भाग ३, अङ्क २ में श्री नाहटाजी का उपर्युक्त लेख।

चाचा और बादल गोरा का पुत्र है। राणा के छुट जाने पर जब अलाउद्दीन दुबारा चित्तौड़ पर आक्रमण करता है तो राणियां जौहर करती हैं और भीमसिंह आदि दुर्ग के द्वार खोल कर लड़ते हुए वीर गति प्राप्त करते हैं।

पद्मावती विषयक इन सब कथाओं में कुछ बातें एक सी हैं। पद्मावती सिंहल की राजकुमारी है, कथा का नायक रतनसेन और प्रतिनायक अलाउद्दीन है। दुर्मन्त्रणादायी तान्त्रिक ब्राह्मण राघवचैतन्य है। गोरा बादल पद्मावती की सतीत्व के रक्षा करने वाले हैं, और पद्मावती सती धर्म प्रतिष्ठिता राजपूत वीराङ्गना हैं। इनमें कौनसी बात तथ्य है और कौन सी अतथ्य यह एक विचारणीय विषय है। जहाँ तक सिंहल से पद्मावती का सम्बन्ध है, डा० श्री गौरीशंकर हीराचन्द ओझा तक इसे सिंगौली का ठिकाना मानने के लिये विवश हुए हैं।

जो विद्वान् पद्मावती की ऐतिहासिकता स्वीकार नहीं करते उनकी संख्या पर्याप्त है। डा० किशोरीशरण-लाल ने कुछ वर्ष हुए पद्मावती की ऐतिहासिकता का खण्डन किया था। अब इस पक्ष का अंतिम और सबसे अधिक व्यापक विमर्श डा० कालिकारञ्जन कानूनगो ने प्रस्तुत किया है[१]। उनकी मुख्य युक्तियाँ निम्नलिखित है :—

१-Studies in Rajput history—A Critical analysis of the Padmavati legend.

(क) कथाओं में पद्मिनी के विषय में कोई ऐकमत्य नहीं है। इसके पिता का नाम विभिन्न रूप में प्राप्त है। जायसी ने इसके पति का नाम रतनसेन तो टॉडने भीमसिंह दिया है। डा० ओझा ने उसके पति का नाम रत्नसिंह माना है, किन्तु वे उसके लिये कोई प्रमाण उपस्थित न कर सके हैं।

(ख) बरनी, इसामी, निजामुद्दीन आदि मुसलमान इतिहासकारों ने कहीं पद्मिनी के नाम का उल्लेख नहीं किया है।

(ग) डा० आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव ने खजाइनुल फुतूह के आधार पर पद्मिनी की सत्ता को सिद्ध करने का प्रयत्न किया है। वास्तव में इस ग्रन्थ में पद्मिनी की ओर किञ्चिन्मात्र भी संकेत नहीं है।

(घ) पद्मिनी सर्वथा जायसी की कल्पना है, और पद्मिनी-विषयक जितने उल्लेख हैं वे सब जायसी के बाद के हैं।

उपर्युक्त युक्तियों में अनेक सत्य होती हुई भी अनैकान्तिक हैं। पद्मावती-विषयक प्रायः सभी प्राप्त कथाएं घटनाकाल से दो सौ वर्ष से भी अधिक बाद की हैं। इस दीर्घकाल में वंशादि के विषय में कुछ भ्रान्तियाँ स्वाभाविक हैं। पद्मावती और सिंहल का सम्बन्ध कुछ कवि-समय सिद्ध से है। रहा पति का नाम ; इस विषय में भ्रान्ति केवल उन्नीसवीं शताब्दी के लेखक टॉड को रही है। महारावल रत्नसिंह के समय का वि० सं०

१३५९ माघ सुदि ५ बुधवार का एक शिलालेख प्राप्त है। अलाउद्दीन ने संवत् १३५९ माघ सुदि के दिन चित्तौड़ पर प्रयाण किया और वि० सं० १३६० भाद्रपद सुदि १४ के दिन किला फतह हुआ। इन प्रमाणों से निश्चित रूप में कहा जा सकता है कि वि० सं० १३५९-६० में रत्नसिंह ही मेवाड़का राजा था और उसी ने अलाउद्दीन से युद्ध किया। यदि पद्मिनी अलाउद्दीन के आक्रमण के समय चित्तौड़ की रानी थी तो उसका पति वि० सं० १३५९ के शिलालेख का यही 'महा-राजकुल रत्नसिंह रहा होगा। इतिहास के विद्यार्थियों को यह कह कर भ्रान्त करने की आवश्यकता नहीं है कि मेवाड़ के इतिहास से हमें चार रत्नसिंह ज्ञात हैं। अतः हम यह निश्चित ही नहीं कर सकते कि इनमें कौन पद्मिनी का पति रहा होगा।

दूसरी युक्ति केवल मौन के आधार पर है। वास्तव में राजपूत इतिहास का मुसल्मान इतिहासकारों को ज्ञान ही कितना है कि हम कह सकें कि प्रामाणिक इतिहास इतना ही है; इससे अतिरिक्त कुछ है ही नहीं। स्वयं अलाउद्दीन के विषय में अनेक बातें हैं जिनका वर्णन हिन्दू लेखकों ने किया है, किन्तु बरनी इसामी आदि जिनके बारे में सर्वथा मौन हैं[१]। खीची

१०—हमारे 'प्राचीन चौहान राजवंश' में हम्मीर और कान्हड़देव के वर्णन पढ़ें।

अचलदास की वचनिका में अनेक ऐसे जौहरों का उल्लेख है जिनका वर्णन हमें मुसलमानी तवारीखों में नहीं मिलता[1]। हम जिस प्रकार मुसलमानी तवारीखों के मौन के कारण उन्हें असत्य मानने के लिए विवश नहीं हैं, उसी तरह उनका मौन हमें पद्मिनी को भी कल्पित मानने के लिए विवश नहीं करता।

डा० आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव ने खजाईनुल फुतूह के आधार पर पद्मावती की सत्ता का प्रमाण उपस्थित किया था। डा० कानूनगो ने उसका निराकरण किया है। खजाइनुल फ़ुतूह् के वर्णन का सारांश बहुत कुछ अमीरखुसरो के ही शब्दों में निम्नलिखित है[2]।

८ जमादि उस सानी, हि० स० ७०२ सोमवार के दिन विश्वविजयी (अलाउद्दीन) ने चित्तोड़ जीतने का निश्चय किया। दिल्ली से सेना चित्तौड़ की सीमा पर पहुंची। दो महीने तक 'तलवारों की बाद पहाड़ की कमर तक चढ़ी पर आगे न बढ़ सकी।' उसके बाद मगरिबियों से दुर्ग पर पत्थरों की वर्षा होने लगी। ११ मुहर्रम, हि० स० ७०३ सोमवार के दिन 'इस युग का सुलेमान' [अलाउद्दीन] दुर्ग में पहुंचा। "यह भृत्य [अमीर खुसरो] जो सुलेमान का पक्षी है उसके

१—श्री नरोत्तमदास जी स्वामी द्वारा संपादित अचलदास खींची री वचनिका में हमारी भूमिका पढ़ें।

२—देखें जर्नल ऑफ इण्डियन हिस्ट्री, जिल्द ८, पृष्ठ २६९-२७१

साथ था। वे बार बार 'हुदहुद हुदहुद' चिल्ला रहे थे। किन्तु मैं [अमीर खुसरो] वापस न लौटा, क्योंकि मुझे डर था कि शायद सुल्तान पूछ बैठे, 'मुझे हुदहुद क्यों नहीं दिखाई पड़ता ? क्या वह अनुपस्थित है ?' और यदि वह ठीक कैफियत मांगे तो मैं क्या बहाना करूँगा।" उस समय वर्षाऋतु थी। "सुल्तान के क्रोध की बिजली से आहत होकर राय एडी से चोटी तक जल उठा और पत्थर के द्वार से इस तरह उछल निकला जैसे आग पत्थर से निकलती है। पानी में पड़ कर वह शाही शामियाने की तरफ दौड़ा। इस तरह उसने तलवार की बिजली से अपने को बचा लिया। हिन्दू कहते हैं कि बिजली पीतल के बर्तन पर अवश्य गिरती है और राय का मुँह भय के मारे पीतल सा पीला पड़ गया था। यह निश्चित है कि वह तलवार और बाणों की बिजली से सुरक्षित न रहता, यदि वह शाही शामियाने के दरवाजे तक न पहुँचता।"

इसी अवतरण पर टिप्पण करते हुए प्रोफेसर हबीब ने लिखा था, "हुदहुद वह पक्षी है जो सुलेमान के पास सेबा की रानी बलकिस के समाचार लाता है। यह स्पष्ट है कि सुलेमान के सेबा आदि की तर्फ संकेत के लिये पद्मिनी उत्तरदायी है[१]।" चित्तोड़ की बलकिस तो उस समय भस्म हो चुकी थी। फिर उस युग के सुलेमान, अलाउद्दीन को उसके समाचार कौन देता ? डा० कानूनगो ऊपर दिए हुए अवतरण में पद्मिनी की

१—वही पृष्ठ ३७१, टिप्पणी १

ओर कोई संकेत नहीं पाते। किन्तु संकेत वास्तव में तो अत्य-धिक अस्पष्ट नहीं है। अन्यथा इसमें हुदहुद, शेबा, सुलेमान आदि के लिए विशेष कारण ही क्या था ?

यह अवतरण अन्य दृष्टियों से भी महत्वपूर्ण है। यह ठीक है कि इससे पद्मिनी के आरम्भिक जीवन पर कुछ प्रकाश नहीं पड़ता। न हम इसके आधार पर यही सिद्ध कर सकते हैं कि गोरा बादल पद्मिनी को छुड़ा लाए थे। किन्तु चित्तौड़ में अन्ततः क्या हुआ इसकी झाँकी इसमें अवश्य प्रस्तुत है। चित्तौड़ का घेरा छः महीने तक चला। जब बचाव की आशा न रही तो राजपूत दरवाजा खोलकर शाही शामियाने की ओर बढ़ चले [1]। खजाइनुल फुतूह से ही सिद्ध है कि अला-उद्दीन के हाथों 'हजारों' विद्रोही मारे गए। किन्तु रत्नसिंह या तो पकड़ा गया, या उसने आत्मसमर्पण किया। दुर्ग बादशाह के हाथ आया किन्तु जिस बलकिस की आशा में युग का सुलेमान वहाँ पहुंचा था, वह उस समय समाप्त हो चुकी थी। वह किसी भी हुदहुद की पहुंच के बाहर थी।

रत्नसिंह की इस अंतिम गति का कुछ आभास हमें नाभिनन्दन जिनोद्धार ग्रन्थ से भी मिलता है जिसका रचना-काल सन् १३३६ ई० है। उनमें अलाउद्दीन की अनेक विजयों का वर्णन करते हुए कक्कसूरि ने यह भी लिखा है कि उसने चित्रकूट के राजा को पकड़ा, उसका धन छीन लिया, और

१—शाही शामियाने पर कूच का वर्णन प्रायः हर एक [illegible] है।

कण्ठ में (रस्सी) बांध कर नगर नगर में बन्दर की तरह घुमाया (३.४)। यह मानने की इच्छा तो नहीं होती कि मेवाड़ाधिपति को भी ऐसे दिन देखने पड़े थे। किन्तु एक सम-सामयिक और निष्पक्ष उद्धरण को असत्य कहकर टालना भी कठिन है। कहा जाता है कि महाप्रतापशाली कविजनवन्दित कविश्रेष्ठ मुञ्ज परमार की भी कभी ऐसी ही दशा हुई थी।

पद्मिनी और रतनसेन के जीवन की इस अन्तिम झांकी से पूर्व के वृत्त के लिये हमें पद्मिनी सम्बन्धी साहित्य को ही आधार रूप में ग्रहण करना पड़ता है। यदि पद्मिनी सम्बन्धी सब साहित्य पद्मावत मूलक हो और पद्मावत सर्वथा कल्पनामूलक, तो पद्मावती की ऐतिहासिकता को हम बहुत कुछ समाप्त ही समझ सकते हैं। किन्तु वास्तव में ऐसी बात नहीं है। जायसी ने रूपक की रचना अवश्य की है, किन्तु उसने हर एक गुण और द्रव्य के अनुरूप ऐतिहासिक पात्र चुना है। इसमें अलाउद्दीन, चित्तौड़ और सिंहल ही नहीं, पद्मिनी और राघवचैतन्य भी ऐतिहासिक व्यक्ति हैं।

मन्त्रवादी के रूप में राघव चैतन्य का उल्लेख वृद्धाचार्य प्रबन्धावली के अन्तर्गत जिनप्रभसूरि प्रबन्ध में वर्तमान है। श्री लालचन्द भगवानदास गाँधी ने इसे पन्द्रहवीं और श्री अगरचन्द नाहटा ने सोलहवीं शती की कृति मानी है। श्री नाहटा जी ने सम्भवतः इसके संवत् १६२६ की एक प्रति भी देखी है। एपिग्राफिआ इंडिका, भाग १, पृष्ठ १६२-१६४ में

प्रकाशित ज्वालामुखी देवी का स्तव भी राघवचैतन्य मुनि की कृति है। यह राघवचैतन्य सम्भवतः जिनप्रभसूरि प्रबन्ध के राघव चैतन्य से अभिन्न है। शार्ङ्गधर पद्धति का रचयिता शार्ङ्गधर राघव का पौत्र था और उसने अत्यन्त आदर पूर्वक श्री राघव चैतन्य के श्लोकों को उद्धृत किया है। इससे सिद्ध है कि राघवचैतन्य की ऐतिहासिकता जायसी के पद्मावत पर निर्भर नहीं है। और यही बात अब दृढ़ता के साथ पद्मावती के विषय में भी कही जा सकती है।

छिताई चरित्र का एक संस्करण प्रकाशित हो चुका है। दूसरा श्री अगरचन्द जी नाहटा द्वारा सम्पादित होकर शीघ्र ही इन्दौर से प्रकाशित होने वाला है। इसकी रचना के समय महानगर सारंगपुर में सलहदी शासन कर रहा था। सलहदी की मृत्यु ६ मई, सन् १५३२ के दिन हुई। इससे स्पष्ट है कि छिताई चरित की रचना इससे पूर्व हुई होगी। विशेष रूप से ग्रन्थ रचना का वर्णन इस पद्य में है।

पन्द्रह सइ रु तिरासी माना।
कछूक सुनी पाछली बाता ॥१०॥
सुदि आपाढ सातइं तिथि भई।
कथा छिताई जंपन लई ॥

इसके अनुसार छिताई चरित की रचना वि० सं० १५८३ तदनुसार सन् १५२६ ई० में हुई। पद्मावत का रचनाकाल सन् १५०० है। अतः यह निश्चित है कि छिताई चरित अपनी

कथा के लिये पद्मावत का ऋणी नहीं हो सकता। अलाउद्दीन के देवगिरि पर आक्रमण के समय जब समरसिंह वहाँ से निकल गया और अलाउद्दीन को यह आशंका हुई कि यादवराज रामदेव की पुत्री भी वहाँ से निकल गई होगी तो उसने राघव चैतन्य से कहा—

मेरो कहिउ न मानइ राउ।
बेटी देई न छांडइ ठाऊं ॥४२३॥
सेवा करइ न कुतवा पढई।
अहि निसि जूझि बराबर चढई।
धसि सौरसी देसंतरु गयो।
अति धोखउ मेरे जीय भयो ॥४२४॥
रनथंभोर देवल लगि गयो।
मेरो काज न एकौ भयो।
इउं बोलइ ढीली कउ धनी।
मइ चीत्तौर सुनी पदुमिनी ॥४५५॥
बंध्यौ रतनसेन मइ जाइ।
लइगो बादिल ताहि छंडाइ।
जो अबके न छिताई लेऊं।
तो यह सीसु देवगिरि देऊं ॥४५६॥

"राजा (रामदेव) मेरा कहना नहीं मानता। वह न बेटी देता है और न स्थान छोड़ता है। वह न सेवा करता है, और न (आधीनता सूचक) खुत्बा पढ़ता है। समरसिंह निकल

कर देशान्तर में चला गया है। इससे मेरे जी में अत्यन्त धोखा हुआ है। मैं देवल (देवी) के लिए रणथंभोर गया; किन्तु मेरा एक काम भी सिद्ध न हुआ।" (फिर) दिल्ली के स्वामी ने कहा, "मैंने चित्तौड़ में पद्मिनी की सत्ता के बारे में सुना। मैंने जा कर रत्नसेन को बाँध लिया, किन्तु बादल उसे छुड़ा ले गया। जो अबकी बार मैंने छिताई को न लिया तो यह सिर मैं देवगिरि को अर्पण करूंगा।"

इस अवतरण से सिद्ध है कि जायसी के पद्मावत से पूर्व ही पद्मिनी की कथा और अलाउद्दीन की लम्पटता पर्याप्त प्रसिद्धि प्राप्त कर चुकी थी। जायसी ने पद्मावती, रत्नसेन और बादल का सृजन नहीं किया। ये जनमानस में उससे पूर्व ही वर्तमान थे। समयानुक्रम से इस कथा में अनेक परिवर्तन भी हुए होंगे। यह सम्भव नहीं है कि पद्मावती की कर्णपरम्परागत गाथा सोलहवीं शताब्दी तक सर्वथा तथ्यमयी ही रही हो। किन्तु उसे जायसी की कल्पना मानने की व्यर्थ कल्पना को अब हम तिलाञ्जलि दे सकते हैं। सन् १३०२-३ में रत्नसेन (रत्नसिंह) की सत्ता निर्विवाद है। राघवचैतन्य ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। परम्परा-सिद्ध पद्मावती की सत्ता भी असम्भावना की कोटि में प्रविष्ट नहीं होती। विषय-लोलुप अलाउद्दीन, सती पद्मिनी, वीरव्रती गोरा और बादल ये सब ही तो स्वचरित्रानुरूप हैं। हर्षचरित में भ्रातृजाया की रक्षार्थ कामिनी-वेष को धारण कर शत्रुशिविर में पहुँच कर

शकाधिपति को मारने वाले साहसाङ्क चन्द्रगुप्त के इतिवृत्त को पढ़ने वालों के लिए तो बादल का वीर कार्य भी भारतीय परम्परा के अनुकूल है। बादल ने केवल अपने स्वामी की रक्षा की। चन्द्रगुप्त ने तो अपनी भ्रातृजाया को बचाया और 'परकलत्रकामुक' विजयी शकराज का भी हनन किया था[1]। शौर्य और साहस के ऐसे कार्यों से भारतीय इतिवृत्त देदीप्यमान है, और इन्हीं से भारतीय सांस्कृतिक परम्परा की रक्षा हुई है।

'नवीन वसन्त'
आश्विन शुक्ला चतुर्थी, दशरथ शर्मा
वि० सं० २०१८

१—"अरिपुरेच परकलत्रकामुकं कामिनीवेशगुप्तश्च चन्द्रगुप्तः शकपतिम शातयत्" (पृ० १९९-२००)।
इसी पर टीका में शङ्कर ने लिखा है, "शकानामाचार्यः शकाधिपतिः। चन्द्रगुप्तभ्रातृजायां ध्रुवदेवीं प्रार्थयमानश्चन्द्रगुप्तेन ध्रुवदेवी वेष-धारिणा स्त्रीवेषजनपरिवृतेन रहसि व्यापादित इति।"

प्रस्तावना

भारतीय संस्कृति में संतपुरुष व सतियों के जीवनचरित्र का बड़ा भारी महत्व है। महान् व्यक्तियों के उदार चरित्र युग-युग तक जनता के जीवन-पथ में दीपस्तंभ का काम करते हैं। कथानायक चाहे पौराणिक हो या ऐतिहासिक उनकी जीवन सौरभ समान रूप से जनमानस को अनुप्राणित करती रहती है। सती पद्मिनी और गोरा बादल का चरित्र सतीत्व और स्वामीधर्म का प्रतीक होने से मेवाड़ के कण कण में व्याप्त हो गया और विभिन्न कवियों ने उस पर काव्य बना कर श्रद्धाञ्जली अर्पण की। सं० १६४५ में कवि हेमरत्न ने, सं० १६८० में नाहर जटमल ने, फिर सं० १७०७ में लब्धोदय ने, इसके बाद कवि दलपतविजय ने 'खुमाण रासो' में सती पद्मिनी की गौरव-गाथा गायी है। इनमें हेमरत्न की कृति को छोड़कर अवशिष्ट तीनों कृतियाँ इस ग्रंथ में प्रकाशित की जा रही हैं। इन तीनों से पूर्ववर्ती रचना 'गोरा बादल कवित्त' है, जो प्राचीन व महत्त्वपूर्ण होने से इस ग्रंथ के पृ० १०६ में प्रकाशित किया गया है। सभी कवियों ने अपने काव्यों में इस अज्ञात कर्तृक कृति के कवित्तों को उद्धृत कर प्रामाणिक माना है। किस कवि की कृति में कहाँ कौनसा पद्य अवतरित है यह नीचे की पंक्तियों में बताया जाता है।

गोरा वादल कवित्त का २२वाँ कवित्त हेमरत्न ने पद्याङ्क ५७ और लब्धोदय ने पृ० २८ में उद्धृत किया है।

पद्याङ्क २३ व २६ को हेमरत्न ने पद्याङ्क ६६-६६ में दिया है।

प० ३१ को हेमरत्न ने थोड़े पाठान्तर से प० ८६ में दिया है।

प० ३५ कवित्त हेमरत्न ने प० ६७ में उद्धृत किया है।

प० ४१वें छन्द को लब्धोदय ने पृ० ५८ में एवं खुमाणरासो पृ० १४३ में उद्धृत किया है।

प० ४२ व प० ४३ को हेमरत्न ने प० २५३ व प० २८८ में उद्धृत किया है।

प० ५२ को हेमरत्न ने प० ३६८ में लिया है।

प० ५८ कवित्त को हेमरत्न ने प० ३४२ में व खुमाणरासो पृ० १५५ में लिया गया है।

प० ५६-६० को हेमरत्न ने प० ३४४-४५ में उद्धृत किया है।

प० ७२-७३-७४ को हेमरत्न ने प० ३६६-३६७ व ५६६ में लिया है।

प० ७७-७८ को हेमरत्न ने प० ६१२-१३ में एवं खुमाणरासो पृ० १७६ में लिया है।

प० ८१ को हेमरत्न ने प० ६२० तथा खुमाणरासो प० १८० में उद्धृत किया है।

इस में राणा रतनसिंह को गुहिलोत व गोरा वादल को चौहान वंशीय वतलाया है। गाजन्न के पुत्र वादल की आयु २३ वर्ष की वतलाई है जो समीचीन प्रतीत होती है। इसमें

राघव को परदेशी विप्र बतलाया है जिसके पाण्डित्य से प्रभावित होकर राणा ने अपने पास रखा। एक दिन खेल में राघव के पराजित होने पर राजा ने उससे द्रव्य मांगा तो वह कुपित हो गया। राजा द्वारा निर्वासित हो वह चित्तौड़ से निकला और उसने राणा के पैरों में बेड़ियाँ डलवाने की प्रतिज्ञा की। राघव ने मंत्रसिद्धि द्वारा योगिनी को आराधन किया और वर प्राप्त कर दिल्ली चला गया। उसने सुल्तान अलाउद्दीन को निशिचर्या में दरवेश के भेष में आने पर दिल्ली का सुलतान होने का आशीर्वाद दिया और प्रतीति प्राप्त कर शाही दरबार में प्रविष्ट होकर राजमान्य हो गया। छन्द पद्याङ्क ५० में लिखा है कि गोरा ५ वर्ष से राणा के ग्राम-ग्रास को अस्वीकार कर अपने घर बैठा है।

प्राचीनता की दृष्टि से हेमरत्न की कृति का स्थान गोरा बादल कवित्त के बाद आता है। इसके छन्द भी परवर्ती कवियों ने उद्धृत किये हैं। पद्याङ्क १७०-७१-७२-७३ को लब्धोदय ने पृ० ३१-३२ में उद्धृत किये हैं तथा खुमाणरासो में दलपत-विजय ने पद्याङ्क ७०-७१-७२-७३ में उद्धृत किये हैं। पद्याङ्क २८८ को खुमाणरासो (पद्याङ्क २४९३) में उद्धृत किया है। जटमलनाहर ने इसके पद्याङ्क ५९७ छन्द को पद्याङ्क ११० में उद्धृत किया है। लब्धोदय ने अपनी चौपाई के प्रारम्भ में "पूरव कथा संपेख" शब्दों द्वारा जिस पूर्व रचना का उल्लेख किया है वह कृति जटमल की न होकर हेमरत्न की ही होनी

चाहिए क्योंकि वह रचना मेवाड़ में और विशेष कर नररत्न भामाशाह के भाई कावेड़िया ताराचन्द के आग्रह से गुंफित हुई थी। अतः इसका पर्याप्त प्रचार हो गया था।

हेमरत्न के पश्चात् जटमल नाहर की गोरा बादल चौपई निर्मित हुई, यह कृति अपेक्षाकृत छोटी है और इसमें कुल १५३ छन्द हैं। इस सुन्दर हिन्दी रचना का निर्माता कवि जटमल नाहर पंजाब का निवासी था अतः हेमरत्न व लब्धोदय आदि इतर कवियों की भांति राणा वंश से अभिज्ञ न होने के कारण रतनसेन को जायसी की भांति चौहान वंश का लिखा है जब कि वे गुहिलोत वंश के थे। जटमल ने राघव चेतन को सिंहलद्वीप से पद्मिनी के साथ आया हुआ लिखा है जब कि अन्य कवि उसे चित्तौड़ निवासी मानते हैं। जटमल एक कथा और भी लिखता है कि राणा ने मोहवश पद्मिनी का मुंह देखे विना अन्नजल न ग्रहण करने को नियम ले रखा था। एक दिन वह दो घड़ी रात रहते राघव चेतन को साथ लेकर शिकार को चल पड़ा। उसके अत्यन्त तृषातुर होने पर नियम पालनार्थ राघव ने त्रिपुरा की कृपा से पद्मिनी की तादृशमूर्त्ति बनाई जिसके जंघा पर तिलका चिन्ह कर दिया। राना ने राघव के चरित्र पर संदेह लाकर घर आते ही रुष्ट होकर उसे निर्वासित कर दिया। वह योगी का भेष धारणकर वाद्य-यंत्र बजाते हुए दिल्ली पहुँचा और वनखण्डमें निवास करने लगा। एक दिन सुलतान अलाउद्दीन शिकार खेलने के लिए वन में आया तो

राघव ने संगीतध्वनि से सारे मृगों को अपने पास आकृष्ट कर लिया। शिकार न पाकर सुलतान राघव के स्थान में आया और घोड़े से उतर कर उसके पास गया। वह उसकी संगीत-कला से इतना प्रभावित हुआ कि उसे अपने साथ दिल्ली ले आया। राघव चेतन ने सुलतान से ५०० गांव प्राप्त किये ऐसा पद्मिनी चरित्र चौपई पृ० २७ में उल्लेख है।

जटमल पद्मिनी के सौन्दर्य्य की ओर सुलतान को आकृष्ट करने के लिए जीवित शशक की कोमलता व हेमगल पांव लाने का उल्लेख करता है जबकि जायसी का राघव सीधा ही सुलतान के समक्ष पद्मावती का रूप वर्णन करता है।

जटमल ने लिखा है कि सुलतान १२ वर्ष तक चित्तौड़ पर घेरा डाले बैठा रहा (जो कि कवि की अतिरंजना मात्र लगती है) अन्त में राघवचेतन की सलाह से सुलतान ने छलपूर्वक रतनसेन को गिरफ्तार कर लिया और प्रतिदिन उसे गढ़ के नीचे लाकर सब लोगों को दिखाते हुए राणा के कोड़े मरवाया करता जिसकी वेदना से व्याकुल हो कायरता लाकर राणा के मुंह से कवि पद्मिनी को देने के लिए स्वयं रखा प्रेषण करने की स्वीकृति कराता है (कवित्त ८०) जो कि राणा और उसके राजवंश की शान के विपरीत कायरतापूर्ण कदम है। आगे चलकर जब बादल कपट प्रपंच रचना द्वारा पद्मिनी को देने के प्रलोभन से सुलतान को वशवर्त्ती कर राणा को छुड़ाने आता है तो कवि फिर राणा द्वारा बादल को इन जघन्य शब्दों

(रानी को देकर राणा को छुड़ाने) के लिए धिकार दिलाता है। ये दोनों बातें एक दूसरे से विपरीत हैं अतः कवि ने यहाँ विरोधाभास किया है।

जटमल तथा अन्य सभी कवियों ने पद्मिनी को सिंहलद्वीप की पुत्री बतलाया है जो निरी कवि-कल्पना मात्र है। ओझा जी के अनुसार चित्तौड़ से ४० मील पूर्व स्थित सिंघोली गांवही सिंघल होना सम्भव है। सिंहलद्वीप के जल-वायु ने पद्मिनी जैसी श्रेष्ठ लावण्यवती स्त्री पैदा की हो एवं इतने दूर से राजस्थान आई हो यह संभव नहीं। राजस्थान में जैसे पूगल की पद्मिनी प्रसिद्ध रही है उसी प्रकार सम्भव है मेवाड़ में भी सिंघोली जैसा कोई स्थान रहा हो। खुमाणरासो हमें सूचना देता है कि महाराणा राजसिंह औरंगमीर की मांग मान कमंध की पुत्री को व्याह कर लाया था, उस सुन्दरी को भी कवि ने पद्मिनी लिखा है, जिसने राणा को पत्र लिख कर मुसलमान के घर जाने से बचाकर अपनी रक्षा करने की प्रर्थना की थी। राणा उसे व्याह कर ले आया इसके बाद राणा शिकार के लिए गया, उसने गंगा त्रिवेणी गोमती और नागद्रह को देखकर बाँध कराने के विचार से गजधर को बुलाकर शिरोपाव दिया। खुमाणरासो में यहाँ तक का वर्णन प्राप्त है। अतः राजसिंह की पद्मिनी की भाँति रतनसेन की परिणीता पद्मिनी सती भी मेवाड़-राजस्थान में ही जन्मी हुई वीरांगना होनी चाहिए।

इस ग्रंथ में कवि लब्धोदय कृत पद्मिनी चरित्र चौपई ही सर्व प्रथम और प्रधान रचना है अतः यहाँ कवि लब्धोदय का यथाज्ञात जीवन परिचय दिया जाता है।

महोपाध्याय लब्धोदय और उनकी रचनाएँ

राजस्थानी साहित्य की श्री वृद्धि करने में जैन कवियों का योगदान बहुत ही उल्लेखनीय है। अपभ्रंश से राजस्थानी भाषा का विकास हुआ तब से लेकर अबतक सैकड़ों कवियों ने हजारों रचनाएं राजस्थानी गद्य व पद्य में निर्मित की। नीति, धर्म सदाचार के साथ-साथ जीवनोपयोगी प्रत्येक विषय की राजस्थानी जैन रचनाएं मिलती हैं। राजस्थानी साहित्य की विविधता और विशालता जैन विद्वानों की अनुपम देन है। पन्द्रहवीं शती तक राजस्थान और गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ और मालवा जितने व्यापक प्रदेश की एक ही भाषा थी। तेरहवीं शती से पन्द्रहवीं शती तक की जैनेतर रचनाएं बहुत ही अल्प मिलती हैं पर जैन कवियों की प्रत्येक शताब्दी के प्रत्येक चरण में विविध काव्य रूपों एवं शैलियों की सैकड़ों रचनाएं उपलब्ध होती हैं। पन्द्रहवीं शती तक की जैन रचनाएं अधिकांश छोटी-छोटी हैं, पन्द्रहवीं के उत्तरार्द्ध में कुछ बड़े रास रचे जाने लगे और सतरहवीं शताब्दी में तो काफी बड़े-बड़े रास अधिक संख्या में रचे गये। रास, चौपाई, फागु, विवाहला आदि चरित-काव्य पहले विविध प्रसंगों में व मन्दिरों आदि में खेले भी जाते थे अतः उनका छोटा होना स्वाभाविक व जरूरी भी था पर जब रास

बड़े-बड़े रचे जाने लगे तो वे केवल गेय-काव्य रह गये, खेलने के नहीं। साधारण जनता, अपनी परिचित स्वरलहरी और बोल-चाल की भाषा में जो रचनाएं की जाती हैं उनको सरलता से अपना लेती है। प्राकृत संस्कृत भाषा में प्राचीन विस्तृत साहित्य होने पर भी उससे लाभान्वित होना जन साधारण के लिए सम्भव नहीं था, इसलिए बहुत कुछ उनके आधार से और कुछ लोककथाओं को धार्मिक बाना पहना कर जैन कवियों ने सरल राजस्थानी भाषा में प्रचुर चरित काव्य बनाए। प्रातः, मध्यान्ह और रात्रि में उन्हीं रास, चौपाइयों को गाकर व्याख्या की जाती थी। लोकगीतों की प्रचलित देशियों में उनकी ढालें बनाई जाने से जनता उन्हें भाव-विभोर होकर सुनती और उन चरित्र-काव्यों से मिलने वाली शिक्षाओं को अपने जीवन का ताना बाना बना लेती। फलतः उस समय का लोक-जीवन इन रचनाओं से बहुत ही प्रभावित था। नीति, धर्म और सदाचार की प्रेरणा देने में इन रचनाओं ने बहुत बड़ा चमत्कार दिखाया।

अठारहवीं शताब्दी में अनेक राजस्थानी जैन कवि हुए हैं जिन में महोपाध्याय लब्धोदय की साहित्यसेवा चालीस पचास वर्षों तक निरन्तर चलती रही। उन्होंने छः उल्लेखनीय बड़े रास बनाए। लघु-कृतियां भी अनेक बनाई होगी किन्तु वे या तो नष्ट हो गई या किसी भंडारों में छिपी पड़ी होंगी। लब्धोदयजी का विहार मेवाड़ प्रदेश में अधिक हुआ

और वहां के भंडारों की जानकारी भी कम प्रकाश में आई है। उनके उल्लिखित, रासों में पद्मिनी चौपाई ही अधिक प्रसिद्धि प्राप्त है, अन्य ३ रासों की एक-एक दो-दो प्रतियां मिली हैं। तीन रासों के तो नाम व प्रतियां भी कहीं नहीं मिली. पर कवि की अन्य रचनाओं में उनकी सूचना प्राप्त होती है।

आज से ३२-३३ वर्ष पूर्व जब हमने हस्तलिखित-ज्ञान भण्डारों का अवलोकन प्रारम्भ किया और अपने संग्रहालय के लिए प्रतियों का संग्रह प्रारम्भ किया तो कवि लब्धोदय की पद्मिनी चरित्र चौ० की प्रतियां ज्ञानभंडारों में देखने को मिली तथा हमारे संग्रह में भी १ प्रति संगृहीत हुई। सं० १९९१ में 'नागरी प्रचारिणी पत्रिका' भाग १५ अङ्क २ में श्री मायाशंकर याज्ञिक ने अपने 'गोरा बादल की बात' नामक लेख में पद्मिनी चरित्र का सर्व प्रथम परिचय हिन्दी जगत को दिया। उनके संग्रह में इसकी एक प्राचीन हस्तलिखित प्रति थी। उन्होंने पद्मावत और 'गोरा बादल की बात' के कथानक से इस पद्मिनी चरित्र में जो अन्तर है उसका संक्षिप्त परिचय उस लेख में दिया था। इस ग्रन्थ के रचयिता का नाम उन्होंने भ्रमवश लक्ष्मोदय लिख दिया था और वह भूल काफी वर्षों तक दुहराई जाती रही। अतः हमने 'सम्मेलन पत्रिका' वर्ष २६ अंक १-२ में 'जैन कवि लब्धोदय और उनके ग्रन्थ' नामक लेख प्रकाशित करके इस भूल को संशोधन करते हुए कवि की रचनाओं का परिचय भी प्रकाशित किया। सं० १९९२ में 'युगप्रधान श्रीजिन-

चन्द्रसूरि' के पृष्ठ १६३ में श्रीजिनमाणिक्यसूरिजी की शिष्य-परम्परा का परिचय देते हुए इनकी दो रचनाओं का उल्लेख किया था। कवि ने दूसरी रचना गुणावली चौ० में इससे पूर्व-वर्ती ६ रचनाओं का उल्लेख किया है, इसका भी उल्लेख किया गया था पर उस समय तक हमें केवल दो ही रचनाएँ मिली थी। इसके वाद खोज निरंतर जारी थी और उसके फलस्वरूप दो रचनाओं की और प्रतियाँ मिलीं एवं दो स्तवन भी देखने में आए।

आपकी गुरु-परम्परा युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजी के गुरु श्रीजिनमाणिक्यसूरिजी से प्रारंभ होती है। इस परम्परा में कई और भी अच्छे अच्छे विद्वान हो गए हैं जिनमें गुणरत्न व महिमोदय आदि उल्लेखनीय हैं। आपने अपने ग्रंथों में अपनी गुरु-परम्परा का परिचय इस प्रकार दिया है :—

श्री जिनमाणिकसूरि प्रथम शिष्य, श्री विनयसमुद्र मुनीशजी।
श्री हर्षविशाल विशाल जगत में, सुवदीता जसु सीसजी ॥व०
महोवझाय श्री ज्ञानसमुद्र गुरु, वाणी सरस विलासजी।
तासु शिष्य उवझाय शिरोमणि, श्री ज्ञानराज गुणराशिजी ॥व०
विद्यावंत अने वड़ भागी, सोभागी सिरदारजी।
तासु शिष्य लब्धोदय पाठक, सम्बन्ध रच्यो सुखकार जी ॥व०

[रत्नचूड़ मणिचूड़ चौ० प्रशस्ति]

यही परम्परा कवि ने पद्मिनी चरित्र चौ० की प्रशस्ति में दी है जो इसी ग्रंथ के पृ० १०६ में देखना चाहिए।

जन्म समय और दीक्षा

कवि की सर्वप्रथम रचना पद्मिनी चरित्र चौपई सं० १७०६ में प्रारम्भ होकर सं० १७०७ चैत्री पूनम के दिन सम्पूर्ण हुई है। इस समय ये गणि पद से विभूषित थे, अतः उनकी आयु २७ वर्ष के लगभग होना संभव है इससे इनका जन्म सं० १६८० के लगभग माना जा सकता है। आपका जन्म नाम लालचन्द था उस समय दीक्षा प्रायः लघुवय में ही हुआ करती थी अतः दीक्षा का समय सं० १६९५ के आसपास होना चाहिए। और आपका दीक्षा नाम लब्धोदय रखा गया था।

अध्ययन और विहार

आपकी गुरु-परम्परा एक विद्वद्-परम्परा थी। विनयसमुद्र वाचक पद से विभूपित थे। उनके शिष्य वाचक गुणरत्न तो जैन साहित्य के अतिरिक्त साहित्य और तर्कशास्त्र के भी अद्भुत विद्वान थे। इनके रचित १ काव्यप्रकाश टीका (श्लोक १०५००), २ सारस्वत टीका (क्रियाचन्द्रिका ४००० श्लोक) ३ रघुवंश सुबोधिनी टीका (६००० श्लोक), ४ तर्कभाषा (गोवर्द्धनी प्रका- शिका-तर्क तरंगिणी श्लो० ७४५०) ५ शशधर के न्याय सिद्धान्त पर टिप्पण ६ मेघदूत पंजिका ७ नमस्कार प्रथम पद अर्थ के अतिरिक्त १ संयतिसंधि २ श्रीपाल चौपई, दो राजस्थानी काव्य उपलब्ध हैं। इनमें से 'तर्कतरंगिणी' की एकमात्र प्रति ब्रिटिश म्युजियम, लंदन में है और 'न्यायसिद्धान्त' की सम्पूर्ण प्रति अनूपसंस्कृत लाइब्रेरी, बीकानेर में है। 'मेघदूत पंजिका' की भी

एक मात्र प्रति श्रीमोहनलालजी ज्ञानभंडार, सूरत में मिली है। हर्षविशाल के शिष्य ज्ञानसमुद्र महोपाध्याय तथा उनके शिष्य ज्ञानराज भी महोपाध्याय पदविभूपित थे। पद्मिनी चरित्र चौ० की प्रशस्ति में उन्हें साधु शिरोमणि 'सकल विद्या गुण शोभता' लिखा है। अतः ऐसे गुरुओं की सेवा में रहते हुए आपने अनेक शास्त्रों का अध्ययन किया, यह आपने स्वयं अपनी मलयसुन्दरी चौ० में लिखा है :—

"प्रौढोपाध्याय पदधारी, श्री लब्धोदय गुण खाणिजी।
व्याकरण तर्क साहित्य छन्दकोविद, अलंकार रस जाणिजी॥६॥"

आपकी सर्व प्रथम रचना सं० १७०६ उदयपुर की है उसमें आपने खरतर गच्छाचार्य श्रीजिनरंगसूरिजी की आज्ञा से उदयपुर में आने का उल्लेख किया है। उसके बाद की प्राप्त सभी रचनाएँ उदयपुर, गोगूंदा, धुलेवा में रचित है। अतः आपका विहार मेवाड़ प्रदेशमें ही अधिक हुआ प्रतीत होता है।

वाचक व उपाध्याय पद

आपने अपनी प्रथम रचना में अपने को गणि पद विभूपित लिखा है उसके बाद दीर्घकाल तक कोई रचना नहीं मिलती। अतः आपको वाचक पद कब मिला, नहीं कहा जा सकता पर, सं० १७३६ की रत्नचूड़ मणिचूड़ चौ० में आपने अपने को पाठक (उपाध्याय) पद से सम्बोधित किया है। अतः इतःपूर्व आचार्य श्री द्वारा आपको उपाध्याय पद मिल चुका था। खरतर गच्छमें यह मर्यादा है कि उपाध्यायों में जो सब से बड़ा हो वह महो-

पाध्याय कहलाता है। आपके गुरु और प्रगुरु दोनों महो-
पाध्याय थे अतः उनकी काफी लंबी आयु थी। आपकी गन्ध-
सुन्दरी चौ०में प्रौढोपाध्याय पद का उल्लेख ऊपर आ चुका है।

रचनाएँ

राजस्थान में पद्मिनी और गोराबादल कथा की काफी
प्रसिद्ध रही है और इस सम्बन्ध में कई रचनाएँ प्राप्त होती हैं।
प्रस्तुत ग्रन्थ में प्रकाशित 'गोराबादल कवित्त' संभवतः सब से
प्राचीन रचना है। इसी के आसपास मलिक मुहम्मद जायसी
ने 'पद्मावत' नाम का महत्वपूर्ण काव्य बनाया। अलाउद्दीन
और पद्मिनी संबंधी घटना का सर्व प्रथम उल्लेख जायसी से
पूर्ववर्त्ती कवि नाराइणदास के छिताई चरित्र में मिलता है जो
सं० १५८३ में रचा गया है। जायसी के बाद सं० १६४५ में
जैन कवि हेमरत्न ने गोराबादल चौ० की रचना भामाशाह के
भाई ताराचन्द के लिए सादड़ी में की। तदनन्तर सं० १६८०
में जटमलनाहर ने गोराबादल कथा* हिन्दी भाषा में बनाई
तदनन्तर कवि लब्धोदय ने 'पद्मिनी चरित्र चौपाई' की
रचना की।

शील धर्म पर पद्मिनी चरित्र मेवाड़ के राणा जगतसिंह
की माता जंबूवती के मन्त्री खरतर गच्छीय [illegible]

* इसके आधार से सं० २०१३ तेरापंथी संत [illegible]
स्वामी ने हिन्दी पद्य में 'पद्मिनी चरित्र' नामक [illegible] बनाया है।

के पुत्र हंसराज और भागचन्द के आग्रह से मुनि श्री लब्धोदय गणि ने पूर्व रचित कथा को देखकर पद्मिनी चरित्र चौ० की रचना सं० १७०६ में प्रारम्भ कर ४६ ढाल व ८१६ गाथाओं में सं० १७०७ चैत्रीपूनम के दिन पूर्ण की। इससे पूर्ववर्त्ती रचना हेमरत्न की है उसमें 'गोरावादल कवित्त' का उपयोग हुआ है और लब्धोदय ने तो इन दोनों ही रचनाओं का उपयोग किया है। हेमरत्न की रचना में गा० ६३२ हैं और लब्धोदय की गाथा ८१६ है। अतः कवि ने कथा प्रसङ्ग विस्तृत किया है।

इसके पश्चात् कवि ने तीन चौपाइयां और भी रची थी पर वे अवतक अनुपलब्ध हैं। उपलब्ध रचनाओं में रत्नचूड़ मणिचूड़ चौपाई सं० १७३९ की है जो ५वीं रचना होनी चाहिए क्योंकि इसके बाद की मलयसुन्दरी चौ० में उससे पूर्व ५ चौपाई रचने का उल्लेख स्वयं कवि ने किया है।

रत्नचूड़ मणिचूड़ की प्राचीन कथा को दान-धर्म के माहात्म्य में कवि ने राजस्थानी पद्य (३८ ढालों) में संकलित किया है। सं० १७३९ वसन्तपंचमी को उदयपुर में इसकी रचना हुई। पद्मिनी चरित्र चौ० जिस मन्त्री भागचन्द के आग्रह से बनाई गई थी उसी के आदर से यह चौपाई रची गई है। इसकी प्रशस्ति में मन्त्री भागचन्द के पुत्र व पौत्रों का अच्छा परिचय दिया गया है। मन्त्री भागचन्द के सम्बन्ध में ५ पद्य हैं, उससे उसका महत्व भली-भाँति स्पष्ट है। उसके पुत्र दशरथ, समरथ

और अमृत थे इनमें से समरथ के ३ पुत्र महासिंह, मनोहर दास व हरिसिंह थे। दशरथ के पुत्र आसकरण और सुजाण सिंह थे। अमृत के पुत्र गोकुलदास व इन्द्रभाण थे। इस प्रकार मन्त्री मुकुट भागचन्द का परिवार काफी बड़ा था। ७ पाट के बाद मेवाड़ में खरतर गच्छ की पुनः प्रतिष्ठा करने का श्रेय कवि ने उसे दिया है। इस रचना के समय मन्त्री भागचन्द काफी वृद्ध हो चुके थे, फिर भी उनकी धर्म भावना और शास्त्र श्रवण प्रेम ज्यों का त्यों बना हुआ था। इस चौपाई की एक मात्र प्रति 'हितसत्क ज्ञानमन्दिर' घाणेराव से अभी अभी हमें प्राप्त हुई है। काव्य बड़ा सुन्दर और रोचक है।

कवि की छट्टी चौपाई सबसे बड़ी कृति है—मलयसुन्दरी चौपाई। यह भी शील-धर्म के माहात्म्य पर १४२ पत्रों में रची गई है। प्रस्तुत मलयसुन्दरी चौ० सं० १७४३ श्रावण वदी १३ के दिन प्रारम्भ कर गोघूंदा (मेवाड़) में धनतेरस के दिन पूर्ण की। केवल ३ मास में इतने इतने बड़े काव्य का निर्माण वास्तव में कवि की असाधारण प्रतिभा का द्योतक है। इसकी रचना कवि के उल्लेखानुसार उनके गुरु महो० ज्ञानराज द्वारा स्वप्न* में दी हुई प्रेरणा के अनुसार की थी। मलयसुन्दरी कथा जैन साहित्य में काफी प्रसिद्ध है।

---

* "महोपाध्याय ज्ञानराज गुरु, कह्यो सुपन में आय।
पांच चौपाई थे करी, ए छट्ठी करो बणाय॥"

कवि की सातवीं रचना गुणावली चौपाई ज्ञानपंचमी के माहात्म्य पर निर्मित हुई है। सं० १७४५ के मिती फाल्गुण सुदि १० को उदयपुर में कटारिया मन्त्री भागचन्द जी की पत्नी भावलदे के लिए यह रची गई थी। फा० व० १३ को प्रारम्भ कर फा० सु० १० को अर्थात् केवल १२ दिनमें आपने यह काव्य रच डाला था।

उपर्युक्त बड़ी रचनाओं के अतिरिक्त कवि ने बहुतसी छोटी रचनाएँ अवश्य बनाई होंगी, पर हमें उनमें से केवल २ ही रचनाओं की जानकारी मिली है। प्रथम धुलेवा ऋषभदेव स्तवन १३ पद्यों का है और उसकी रचना सं० १७१० ज्येष्ठ वदि २ बुधवार को हुई है। दूसरा ऋषभदेव स्तवन १५ गाथा का है जो सं० १७३१ मि० व० ८ बुधवार को रचा हुआ है।

स्वर्गवास

सं० १७४५ के पश्चात् आपकी कोई रचना नहीं मिलती और उस समय आपकी आयु लगभग ६५-७० वर्ष की हो चुकी थी। अतः सं० १७५० के आस-पास आपका स्वर्गवास मेवाड़-उदयपुर के आसपास हुआ होगा।

शिष्य परम्परा

कवि लब्धोदय बड़े प्रभावशाली व्यक्ति थे। उनके धार्मिक उपदेशों से प्रभावित होकर अनेक भावुक आत्माओं ने उनका शिष्यत्व स्वीकार किया था। कवि ने अपने 'रत्नचूड़ मणिचूड़ चौपाई' और 'मलयसुन्दरी चौ०' की प्रशस्ति में अपने शिष्यों की नामावली इस प्रकार दी है :—

"शिष्य रत्नसुन्दर गणि वाचक, कुशलसिंह मन हरपइ जी।
सांवलदास शिष्य सोभागी, पासदत्त परसिद्ध जी।
खेतसी परमानन्द रूपचन्द, वांची ने जस लिद्ध जी।"

[रत्नचूड़ मणिचूड़ चौ०]

जसहर्ष शिष्य वाचक सोभागी, रत्नसुन्दर सिरदार जी।
शिष्य कल्याणसागर ज्ञानसागर, पद्मसागर पंडित श्रीकारजी॥

[मलयसुन्दरी चौ०]

कवि के शिष्य ज्ञानसागर के शिष्य भुवनधीर अच्छे विद्वान थे, इनके रचित भुवनदीपक बालावबोध सं० १८०६ में रचित उपलब्ध है।

उपर्युक्त शिष्योंमें से कुछ की शिष्य-परम्परा अवश्य ही लम्बे समय तक चली होगी व उनमें कई कवि व विद्वान भी हुए होंगे पर हमें उनकी जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।

संवत् १७०६ से सं० १७४५ तक की रची हुई उपर्युक्त रचनाओं से स्पष्ट है कि महोपाध्याय लब्धोदय ने ४० वर्ष तक राजस्थानी भाषा और साहित्य की विशिष्ट सेवा की थी। उनकी पद्मिनी चरित्र चौ० को यहां प्रकाशित किया जा रहा है। अवशिष्ट रचनाओं के प्रकाशन से कवि की काव्य-प्रतिभा का सही मूल्यांकन हो सकेगा, क्योंकि यह तो कवि की प्राथमिक रचना है, उसके बाद अन्य रचनाओं में प्रौढ़त्व अवश्य ही मिलेगा।

प्रतिष्ठा लेख आदि

आपके जीवनचरित्र की उपर्युक्त सामग्री में हम देख चुके हैं कि आपका विहार विशेषकर मेवाड़ में हुआ था। आपने वहाँ जिनमंदिर, प्रभु-प्रतिमाएँ व गुरु-पादुओं की प्रतिष्ठा भी

करवायी थी। मंत्रीश्वर कर्मचन्द्र के वंशजों द्वारा निर्मापित उदयपुर की वीराणी की सेरी में स्थित ऋषभदेव जिनालय के मूल-नायक भगवान के लेख से विदित होता है कि आपके कर-कमलों से उपर्युक्त प्रतिष्ठा हुई थी। वहाँ के यतिवर्य ऋषि श्री अनूपचन्द्रजी द्वारा प्राप्त लेख यहाँ दिये जा रहे हैं :—

"संवत् १७३३ वर्षे वैशाख सुदि ३ श्री वृहत् खरतर गच्छे प्रतिष्ठितं युगप्रधान श्री जिनरंगसूरि भट्टारकस्यादेशात् महोपाध्याय श्री ज्ञानराज गुरुणां शिष्य महोपाध्याय श्री लब्धोदय गणिभिः श्री ऋषभदेव बिम्बं कारितं च वच्छावत मं० लखमी चन्देन पुत्र मं० रामचन्द्रजी भ्रातृ सा० रघुनाथ जी भ्रातृजयं सबलसिंह पृथ्वीराज बाई हरीकुमरीकया श्रेयोर्थं।

संवत् १७४३...श्री जिनरंगसूरि विजये युगप्रधान श्री जिन-कुशलसूरिणां पादुके कारिते प्रतिष्ठिते च महोपाध्याय श्रीलब्धोदय।

संवत् १७२१ (?) वर्षे चैत्र द्वादशी.........श्री लब्धोदय गणि।

श्री जिनकुशलसूरि च० प्रतिष्ठितं महोपाध्याय श्री ज्ञान-समुद्राणां शिष्य महोपाध्याय ज्ञानराज महोपाध्याय श्रीलब्धो-दयवाचक रत्नसुन्दरयुक्त।

इसके अतिरिक्त सं० १७४८ की भी एक जोड़ी चरणपादुका प्रतिष्ठित विद्यमान है। टाइल्स लगा देने से लेख अब दब गए हैं, एक लेख का निम्नलिखित अंश पढ़ने में आता है :—

"शिष्य महोपाध्यायं श्री ज्ञानसमुद्राणां महो० श्री ज्ञान-राजानां शिष्य लालचन्द्रोपाध्यायैः।

गोरा बादल कथा के रचयिता नाहर जटमल

कवि जटमल नाहर की गोरा बादल कथा गद्य में होने की भ्रान्ति हिन्दी के विद्वानों में चिरकाल तक रही है। एसियाटिक सोसायटी-कलकत्ता की जिस प्रति के आधार से यह भ्रान्ति फैली थी, उस प्रतिका निरीक्षण कर भ्रान्ति का निराकरण स्वर्गीय पूरणचन्दजी नाहर व स्वामी नरोतमदास जी के प्रयत्न से 'विशाल भारत' पोष १९९० व नागरी प्रचारणी पत्रिका वर्ष १४ अंक ४ में प्रकाशित लेखों द्वारा हुआ। यह निश्चित हो गया कि वास्तव में जटमल ने गोरा बादल कथा पद्य में ही लिखी थी पर उन्नीसवीं शती में गद्य में लिखे गए अर्थ के कारण जटमल के गद्यकार होने की भ्रान्त परम्परा चल पड़ी। उसके बाद डा० टीकमसिंह तोमरने 'गोरा बादल कथा' की एक प्रति का पाठ गलत पढ़ कर जटमल की जाति जाट होने का उल्लेख शोध प्रबन्ध में किया जिसका निराकरण भी नागरी-प्रचारणी पत्रिका द्वारा किया गया।

हिन्दी के विद्वानों को जटमल की केवल 'गोरा बादल कथा' नामक एकही रचना की जानकारी थी। हमने जब बीकानेर के ज्ञानभंडारों का निरीक्षण किया व अपने ग्रन्था-लय के लिये हस्तलिखित प्रतियों का संग्रह प्रारम्भ किया तो जटमल की अन्य कई रचनाओं की प्राप्ति हुई। फलतः हमने हिन्दुस्तानी वर्ष ८ अं० २ में 'कवि जटमल नाहर और उनके

ग्रंथ' नामक लेख द्वारा जटमल की समस्त रचनाओं पर सर्व प्रथम प्रकाश डाला।

कवि जटमल नाहर ने अपना परिचय अपनी रचनाओं में इस प्रकार दिया है :—

(१) धरमसी कौ नन्द नाहर जाति जटमल नांउ।
तिण करी कथा वणाय के, बिचि सिंवला के गांउ॥
इति जटमल श्रावक कृता गोरा वादल की कथा संपूर्णा

(२) वसै अडोल 'जलालपुर', राजा थिरु 'सहिवाज';
रइयत सयल वस सुखी, जब लगि थिर ध्रू राज; ८३
तहाँ वसै 'जटमल लाहोरी', करने कथा सुमति मति दोरी;
'नाहर' वंस न कछु सो जानै, जो सरसती कहै सो आनै; ८४

इति प्रेमविलास प्रेमलताह्व सवरसलता नाम कथा नाहर गोत्र श्रावक जटमल कृता (सं० १७५३ लिखित प्रति)

इस से सिद्ध होता है कि कवि जटमल लाहोर निवासी जैन श्रावक थे और नाहर गोत्रीय थे। आपके रचित (१) गोरा वादल कथा की रचना सं० १६८० में सिंवला ग्राम में हुई है जिसे स्वामी नरोत्तमदासजी व सूर्यकरणजी पारीक द्वारा सम्पादित कापी से यहां साभार प्रकाशित किया जा रहा है। दूसरी कथा प्रेमविलास प्रेमलता की रचना सं० १६९३ भाद्रपद शुक्ला ४ रविवार को जलालपुर में हुई है। (३) वावनी—पंजावी भाषा के ५४ पद्यों में है, इसे 'पंजावी दुनिया' में गुरुमुखी में छपवा दिया है। (४) लाहोर गजल—इसमें लाहोर नगर का

महत्त्वपूर्ण वर्णन पद्य ६० में है। नगर वर्णनात्मक हिन्दी पद्य संग्रह में मुनि श्रीकान्तिसागरजी द्वारा यह प्रकाशित है। (५) स्त्री (सुन्दरी) गजल, (६) सिंगार गजल, (७) फुटकर कवितादि, हमारे संग्रह में है। उदयपुर में एक और रचना भी देखने में आई थी।

गोरा बादल कथा की प्रशस्ति में मोढ़ ग्राम का उल्लेख है। कविवर समयसुन्दर कृत मृगावती रास के एक गुटके की लेखन प्रशस्ति में मोढ़ ग्राम एवं जट्ट नाहर का उल्लेख मिलता है। अतः वह गुटका जटमल नाहर के लिखित प्रतीत होता है। प्रशस्ति इस प्रकार है :—

संवत् १६७५ वर्षे माघ सुदि ११ तिथौ शनिवारे। पतिस्याह नूरदी आदिल जहांगीर राज्ये लिखतं जट्ट नाहर नागउरी मोढ़ ग्रामे सा० कवरपाल सुतसा बाला देवी पासा तोड़ा रंगा गंगा पुस्तिका वापणा गोत्रे। लिखतं जट्ट पठनार्थं।

खुमाणरासो रचयिता दौलतविजय

खुमाणरासो के सम्बन्ध में हिन्दी साहित्य के विद्वानों में बड़ी भ्रान्ति रही है। खुमाण का नाम देखकर उनका काल ९वीं शताब्दी ही रासो का रचनाकाल मान लिया गया। इन में महाराणा प्रताप का भी वृतान्त है अतः यह धारणा बना ली गई कि इस में पीछे से परिवर्तन होता रहा है अतः

वर्त्तमान रूप १६वीं शताब्दी में प्राप्त हुआ मान लिया गया। माननीय शुक्लजी जैसे विद्वान ने भी अपने इतिहास में यही लिख दिया कि—'यह नहीं कहा जा सकता कि दलपतविजय असली खुमान रासो का रचयिता था अथवा उसके पिछले परिशिष्ट का।' वास्तव में हिन्दी के विद्वानों ने इसकी प्रति को देखा नहीं, अतः अन्य लोगों के उल्लेखों के आधार से विविध अनुमान लगाते रहे। लगभग २५ वर्ष पूर्व श्री अगरचन्द्र जी नाहटा ने वीर-गाथा-काल की बतलाई जानेवाली रचनाओं को परीक्षा की कसौटी पर रखा और जैनगूर्जर कविओ भाग १ से खुमाणरासो की १३६ पत्रों की अपूर्ण प्रति का पता लगा कर पूना के भंडारकर ओरिएण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट से प्रति को प्राप्त कर इसके तथ्यों पर सर्वप्रथम निश्चयात्मक प्रकाश डाला। 'नागरी प्रचारणी पत्रिका' वर्ष ४४ अङ्क ४ में प्रकाशित उनके लेख से वह निश्चित हो गया कि यह ग्रंथ १८वीं शताब्दी में ही रचित है कवि का नाम दलपतविजय नहीं पर उसका प्रसिद्ध नाम दलपत और जैन दीक्षा का नाम दौलतविजय था।

खुमाण रासो की अद्यावधि एक ही प्रति मिली है जो अपूर्ण है और उसमें महाराणा राजसिंह तक का विवरण है। टॉड के संग्रह तथा नागरी प्रचारिणी सभा में भी इसी प्रतिकी प्रतिलिपि है। कविने प्रस्तुत ग्रन्थ में अपनी गुरु-परम्परा का परिचय इस प्रकार दिया है :—

त्रिपुरा शक्ति तणे सुपसाय, रच्यो खण्ड दूजो कविराय।
तपगच्छ गिरुआ गणधार, सुमतिसाधु वंशे सुखकार॥
पंडित पद्मविजय गुरुराय, पटोदयगिरि रवि कहेवाय।
जयबुध शांतिविजय नो शिष्य, जंपे दौलत मनह जगीश॥

अर्थात्—कवि त्रिपुरादेवी का भक्त था और तपागच्छ के सुमतिसाधुसूरि की परम्परा में पद्मविजय शिष्य जयविजय शि० शान्तिविजय का शिष्य था।

खुमाण रासो (अपूर्ण) में खुमाण से लेकर राजसिंह तक का ही विवरण मिलता है, पर इसके प्रथम खण्ड के अन्तिम दोहे में महाराणा संग्रामसिंह (द्वितीय) तक का उल्लेख होने से इसकी रचना सं० १७६७ से सं० १७९० के बीच में हुई निश्चित है।

पिउ सांगउ अमरेस सुत, सीसोदो सुविहाण।
राण पाट प्रतपे रिधू, मन हेला महिराण॥

खुमाण रासो के छट्ठे खण्ड में रत्नसेन पद्मिनी और गोरा बादल का वृतान्त आया है अतः उसे इस ग्रंथ के [पृ० १५६ से १८१] में प्रकाशित किया गया है। यह अंश स्वामी नरोत्तमदासजी द्वारा प्राप्त श्री श्रोत्रिय के की हुई प्रेस कापी से लेकर दिया गया है अतः इसके लिए आदरणीय स्वामीजी और श्रोत्रियजी धन्यवादार्ह हैं।

इस ग्रंथ के पृ० १०६ में गोरा बादल कवित्त प्रकाशित किया गया है, जिसकी प्रति हमारे संग्रह में है। लब्धोदय कृत चौपई की प्रति हमारे संग्रह की है, जिसके पाठान्तर गुलाबकुमारी लाइब्रेरी, कलकत्ता स्थित बड़ौदा के गायकवाड़ ओरयण्टल-इन्स्टीट्यूट की नकल से दिये गये हैं। हमारे आदरणीय मित्र डा० दशरथ शर्मा ने अनेक कार्यों में व्यस्त रहते हुए भी भूमिका रूप में "रानी पद्मिनी—एक विवेचन" शीघ्र लिख भेजा था, पर ग्रंथ का कलेवर बढ़ जाने से उसमें और अभिवृद्धि करने के लिए उन्हें दिया गया था, जिसे उन्होंने यथासमय ठीक कर भेजा पर वह डाक की गड़बड़ी में गुम हो गया। तब उसे पुनः नये रूप में लिख कर भेजने का कष्ट किया है। पूज्य काकाजी श्री अगरचन्द्रजी नाहटा तो इसके श्रेय के वास्तविक अधिकारी हैं ही, अतः इन सभी आदरणीय विद्वानों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करने के हेतु उपयुक्त शब्द मेरे पास नहीं है, वह तो हृदय की भाषा जाननेवाले सुधीजन स्वतः अवगाहन कर लेंगे। सुज्ञेषु किं बहुना,

कलकत्ता
पौष कृष्णा १०
पार्श्वनाथ जन्म दिवस

भँवरलाल नाहटा

पद्मिनी चौपाई का कथासार

भगवान ऋषभदेव, महावीर, शारदा और ज्ञानराज गुरु को नमस्कार कर कवि लब्धोदय सती पद्मिनी का चरित्र निर्माण करते हैं। इसमें वीर शृंगार प्रधान नवरसों का सरस वर्णन है। वीर गोरा, बादल की स्वामीभक्ति और शौर्य, सती के शीलव्रत के साथ क्षीर घृत और खांड के संयोग की भांति सुस्वादु हो जाता है। पहली ढाल में कवि ने चितौड़ का वर्णन किया है। वे कहते हैं—मेवाड़ का चितौड़ दुर्ग सब गढ़ों में प्रधान हैं यह गगनस्पर्शी कैलाश से टक्कर लेता है। यहां बहुत से तापस तीर्थ, चित्रा नदी, गोमुख कुण्डादि हैं, कूप, सरोवर, जिनालय, शिवालय, ऊंचे ऊंचे महल हैं, यह धाम धर्मियों और करोड़पतियों की लीलाभूमि है। चितौड़ में महाराणा रतनसेन नामक प्रतापी राजा राज्य करता था, जिसकी सेवा में दो लाख सुभट एवं कई राजा थे। पटरानी प्रभावती अत्यन्त सुन्दर और सब रानियों में सिरमौर थी, वह राजा की प्रिय-पात्र और प्रतापी कुमार वीरभाण की माता थी। रानी प्रति-दिन राजा को अपने हाथ से परोस कर प्रेमपूर्वक भोजन कराती थी। एकदिन रत्नजटित थाल में नाना व्यंजन युक्त स्वादिष्ट भोजन आरोगते हुए हास्य-विनोद में राजा ने कहा—

आजकल भोजन बिलकुल निरस और स्वादरहित होता है! तुम्हारी चतुराई कहां चली गई? रानी ने तमक कर कहा—मैं तो कुछ भी नहीं जानती, मेरे में चतुराई है ही कहां? स्वादिष्ट भोजन के लिए नवीन पद्मिनी व्याह कर ले आइये। रानी प्रभावती के वाक्य राणा के हृदय में तीर की तरह चुभ गए, वह भोजन त्याग कर उठ खड़ा हुआ और रानी का मान मर्दन करने के निमित्त पद्मिनी से पाणिग्रहण करने के हेतु दृढ़-प्रतिज्ञ हो गया।

राणा ने दो घोड़ों पर बहुत सा धनमाल लेकर खवास के साथ गुप्तरूप से चितौड़ से प्रस्थान किया। जब वे बहुतसी भूमि उल्लंघन कर गये तो सेवक के पूछने पर राणा ने अपनी यात्रा का उद्देश्य प्रगट किया, पर दोनों ही व्यक्ति पद्मिनी स्त्री का ठाम ठिकाना नहीं जानते थे। उन्होंने एक वृक्ष के नीचे विश्राम किया तो एक भूख-प्यास से व्याकुल पथिक आकर राणा के चरणों में उपस्थित हुआ। राणा ने उसे खान-पान और शीतोपचार से संतुष्ट किया और स्वस्थ होने पर पूछा कि तुमने कहीं पद्मिनी स्त्री का ठाम-ठिकाना देखा-सुना हो तो बताओ! पथिक ने कहा—राजन्! दक्षिण समुद्र के पार सिंघल-द्वीप में अप्सरा की भांति पद्मिनी स्त्रियाँ होती हैं! राणा ने दक्षिण का मार्ग पकड़ा और नाना जंगल पहाड़ों को उल्लंघन करता हुआ खवास के साथ समुद्र तट पर पहुंचा।

राणा को दुर्लंघ्य समुद्र को पार करने की चिन्ता में घूमते हुए सहसा औघड़नाथ योगी से साक्षात्कार हुआ। राणा ने उसे विनय-भक्ति से संतुष्ट कर पद्मिनी के हेतु सिंघलद्वीप पहुँचाने की प्रार्थना की। योगी ने अपने दोनों हाथों में दोनों सवारों को लेकर आकाशमार्ग द्वारा सिंहलद्वीप पहुँचा दिया और स्वयं अदृश्य हो गया। राणा प्रसन्नचित्त से भ्रमण करता हुआ सिंहलद्वीप की शोभा देखने लगा। जब वह नगर के मध्य भाग में पहुँचा तो उसने ढंढोरे का ढोल सुना और पूछने पर ज्ञात हुआ कि सिंहलपति की तरुण बहिन पद्मिनी उसी व्यक्ति को वरमाला पहनायगी, जो उसके भ्राता को शतरंज के खेल में जीत लेगा। राणा ने पटह-स्पर्श किया, वह पद्मिनी के समक्ष सिंहलपति के साथ शतरंज खेलने लगा, पद्मिनी भी राणा के सौन्दर्य से मुग्ध होकर मनही मन उसके विजय की प्रार्थना करने लगी। पुण्य प्राग्भार से राणा ने सिंहलपति को जीत लिया, पद्मिनी की वरमाला राणा के गले में सुशोभित हुई। सिंहलपति ने राणा के साथ पद्मिनी का पाणिग्रहण बड़े भारी समारोह से कराया और अपनी प्रतिज्ञानुसार राणा को आधा देश भंडार समर्पित किया। पद्मिनी को दहेज में हाथी, घोड़े, वस्त्रालङ्कार और दो हजार सुन्दर दासियां मिलीं। पद्मिनी तो अद्भुत रूपनिधान थी ही, उसके देह सौरभ से चतुर्दिक् भौंरे गुंजार कर रहे थे। कुछ दिन सिंहलद्वीप में रहने के पश्चात् सारे धनमाल और परिवार को जहाजों में भरकर

राणा स्वदेश के लिए रवाने हुआ। सिंहलपति से प्रेमपूर्वक विदा लेकर राणा स्वदेश लौटा।

इधर चित्तौड़ में राणा के एकाएक चले जाने से चिन्तित वीरभाण ने माता से सत्य वृतान्त ज्ञात किया और लोगों के समक्ष राणा के जाप में वैठने की प्रसिद्धि कर स्वयं राज काज चलाने लगा। लोगों को जब छः मास से भी अधिक वीत जाने पर राणा के दर्शन न हुए तो नाना प्रकार की आशं-काएँ उठ खड़ी हुई। इसी समय राणा रतनसेन दो हजार घोड़े, दो हजार हाथी एवं पालकियों के परिवार से परिवृत चित्तौड़ के निकट पहुँचा। पद्मिनी की स्वर्ण-कलशों वाली पालकी, मध्य में सुशोभित थी। दूर से विस्तृत सेना आती हुई देखकर परदल की आशंका से वीरभाण ने सैनिक तैयारी प्रारम्भ कर दी। इतने ही में राणा का पत्र लेकर एक दूत राजमहल में पहुँचा, सारा वृतान्त ज्ञात कर चित्तौड़ में सर्वत्र आनन्द छा गया और स्वागत के लिए जोर-शोर से तैयारियाँ होने लगी।

स्थान स्थान में मोतियों से वधाते हुए, ध्वजा पताका सुशोभित उल्लासपूर्ण वातावरण में महाराणा ने चित्तौड़ में प्रवेश किया। रानी प्रभावती को राणाने अपनी प्रतिज्ञापूर्ण कर दिखा दी। राणाने पद्मिनी के लिए विशाल एवं सुन्दर महल प्रस्तुत किया, जिसमें वह अपनी सखियों के साथ आनन्दपूर्वक रहने लगी। महाराणा अहर्निश पद्मिनी के प्रेमपाश में बँधा हुआ

नाना क्रीड़ा, विलास में रत रहता था। एक वार 'राघव चेतन' नामक प्रकाण्ड विद्वान ब्राह्मण, जोकि महाराणा द्वारा सम्मानित होने के कारण वेरोकटोक महलों में जाया करता था, पद्मिनी के महलमें जा पहुँचा। महाराणा अपने क्रीड़ा-विलास के समय उसे आया देखकर कुपित हो गए और असमय में व अनाहूत आने की मूर्खता पर वहुत सी खरी-खोटी सुनाई। धक्का देकर निकाल दिये जाने पर अपमानित व्यास राघव चेतन शीघ्र ही चित्तौड़ त्यागकर दिल्ली चला गया। थोड़े दिनों में उसकी विद्वता की प्रसिद्धि शाही-दरवार तक पहुँच गई। सुलतान अलाउद्दीन ने उसे दरवार में वुलाया और प्रसन्न होकर पाँचसौ गाँव देकर अपना दरवारी वना लिया।

राघव चेतन ने राणा से प्रतिशोध लेने के लिए एक भाट और खोजे से घनिष्टता कर ली। राघवचेतन ने उन्हें किसी प्रकार पद्मिनी स्त्री की वात छेड़ने के लिए कहा, तो भाट राज-हंस की पाँख लेकर दरवार में आया और सुलतान के किसी अनोखी वस्तु की वात पूछने पर पद्मिनी स्त्री के सौन्दर्य्य व सुकुमारता की प्रशंसा की। सुलतान ने कहा कि तुमने कहीं पद्मिनी देखी सुनी हो तो कहो! भाट ने कहा—श्रीमान् के महल में हजार स्त्रियां हैं जिनमें कोई अवश्य होगी! खोजे ने कहा कि रावण की लंका में पद्मिनी स्त्री सुनी गई थी और तो कहीं भी संसार में नहीं है। यहाँ तो सब संखिनी स्त्रियाँ है। भाट-खोजे के विवाद में सुलतान ने रस लिया और पूछा

क्यों वे, हमारे महल में सभा संखिनी है ? पद्मिनी एक भी नहीं ? खोजे ने कहा—यह तो लक्षण, भेदादि के शास्त्र-मर्मज्ञ राघवचेतन ही बतला सकते हैं ! सुलतान के पूछने पर व्यास ने चारों प्रकार की स्त्रियों के गुण-लक्षणादि विस्तार से समझाये। सुलतान ने अपने महल की स्त्रियों की परीक्षा कर पद्मिनी जाति की स्त्री बताने की आज्ञा दी और उनका प्रतिबिंब देखने के लिए मणिगृह का आयोजन किया। राघव-चेतनने सबको देखकर कहा कि आपके महल में एक एक से बढ़कर रूपवती हस्तिनी, चित्रणी तो हैं, पर पद्मिनी स्त्री एक भी नहीं है।

सुलतान ने कहा—बिना पद्मिनी स्त्री के मेरा जीवन ही वृथा है, पद्मिनी स्त्री कहाँ मिलेगी ? व्यास ! मुझे बतलाओ ! राघव चेतन ने कहा—सिंघलद्वीप में पद्मिनी स्त्रियाँ होती हैं। तो सुलतानने १६ हजार हाथी और २७ लाख अश्वारोही सेना के साथ सिंहलद्वीप की ओर प्रस्थान कर दिया। समुद्र-तट पर पहुँचने पर हठी सुलतान ने सिंहलपति पर आक्रमण करके गिरफ्तार करने की आज्ञा दी। सुभट लोग नौकाओं में बैठ कर दरिया के बीच गए तो भँवरजाल में पड़कर वाहण टूट-फूट गए। सुलतान ने कुपित होकर और सुभटों को भेजने की आज्ञा दी। उसे केवल एक ही धुन थी कि लाखों सेना भले ही समुद्र में समाप्त हो जाय, पर सिंहलपति को अवश्य हराकर पद्मिनी प्राप्त की जाय ! सुभटों ने राघव चेतन से कहा—

किसी प्रकार सुलतान को लौटाने की युक्ति सोचो, अन्यथा बेकार लाखों की प्राणाहुति हो जायगी। राघव चेतन की सलाह से ५०० हाथी ५००० घोड़े, करोड़ दीनार एवं नाना प्रकार की भेंट वस्तुएँ प्रस्तुत कर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वाहनों में भरकर प्रातःकाल होने से पूर्व ही समुद्र में उपस्थित कर दिये और उन्हें सिंहलपति के प्रधान लोग दण्ड स्वरूप लाये हैं, बतला कर विनय वचनों से सुलतान को समझाकर सुलह करा दी। सुलतान ने सिंहलपति की कथित भेंट स्वीकार कर उनके प्रतिनिधियों को सिरोपाव देकर लौटा दिया और सिंहल से आई हुई भेंट को अपनी सेना में बाँट कर दिल्ली की ओर लौटने का आदेश दे दिया।

जब सुलतान दिल्ली आये, तो बड़ी बेगम ने कहा—आप कैसी पद्मिनी लाए हैं, हमें भी दिखाइये! सुलतान के मन में फिर पद्मिनी प्राप्त करने की तमन्ना जग उठी और राघवचेतन से कहा—सिंघलद्वीप के सिवा और कहीं पद्मिनी स्त्री हो तो बतलाओ! राघव चेतन ने कहा—चित्तौड़ के राणा रत्नसेन के यहाँ पद्मिनी अवश्य है, पर शेषनाग की मणि को कौन ग्रहण कर सकता है? सुलतान ने अभिमान पूर्वक बड़ी भारी सेना तय्यार कर चित्तौड़ पर चढ़ाई कर दी। राणा की सेना ने सुलतान के साथ बड़ी वीरता से युद्ध किया और उसके सारे प्रयत्न विफल कर दिये। सुलतान ने सफलता पाने के लिए पुन छल करने का निश्चय करके अपने प्रधान पुरुषों को सुलह करने

के लिए राणा के पास भेजा। उन्होंने राणा से कहा—सुलतान चाहते हैं कि अपने परस्पर प्रीति की वृद्धि हो। अतः वे गढ़ देखकर, पद्मिनी के दर्शन व उसके हाथ से भोजन कर बिना किसी प्रकार के दण्ड, भेंट लिए वापस दिल्ली लौट जायेंगे। राणा रतनसेन कपटी सुलतान की मीठी बातों के चक्कर में आ गया और सुलतान के अधिकारियों के सुंस-प्रतिज्ञा पूर्वक कहने पर उसने थोड़े लश्कर के साथ चित्तौड़ दिखा कर गोठ जिमाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।

सुलतान अलाउद्दीन के पास व्यास राघव चेतन राणा के घर का पूरा भेदू था। उसकी मंत्रणा के अनुसार ही वह अपना कपट-चक्र संचालन करता था। सरल स्वभावी राणाने मंत्रियों को स्वागत के लिए भेजकर सुलतान को बुलाया। गढ़ के द्वारा खोल दिये गए। सुलतान तीस हजार सैनिकों के साथ गढ़ में प्रविष्ट हो गया। इतने सैनिक देख राणा के मन में खटका हुआ और उसने अपनी सेना को तैयार होने का संकेत कर दिया। सुलतान के यह कहने पर कि क्यों सेना एकत्र करते हो, हम गढ़ देखकर लौट जावेंगे, तो राणा ने कहा—अपने वचनों के विपरीत आप तीस हजार सवार क्यों लाये? मेरी सेना के वीर इन्हें क्षण मात्र में पीस डालेंगे। सुलतान ने छलपूर्वक कहा—राणा! आप संदेह क्यों करते हो! मेहमान थोड़े हों या अधिक, आ जावें उनका तो सत्कार करना ही चाहिए। आज तो खाद्यपदार्थ सस्ते हैं, सुकाल है, यदि भोजन-

न्यय का विचार आता हो तो हम लौट चलें ! राणा ने कहा—भोजन के लिए ऐसी क्या बात है, तुच्छ बात न कहो, इससे दुगुने हों तो भी खान पान की कमी नहीं ! इस प्रकार दोनों मेल-जोल से बातें करते महलों में आये। राणा ने शाही भोजन के लिए बड़ी भारी तय्यारी की। राणा ने जब पद्मिनी को आज्ञा दी कि वह सुलतान को परोसे ! तो उसने अपने जैसी ही रूप रंगवाली दासी को इस कार्य के लिए नियुक्त कर दिया। राणा के सजे हुए मंडप में सुलतान को पद्मिनी की दासी ने नाना वेश परिवर्त्तन कर विविध व्यंजन परोसे। सुलतान उसकी रूप-माधुरी से विह्वल होकर कहने लगा—राणा के घर में तो इतनी पद्मिनियां है, और मेरे यहां एक भी नहीं तब मेरी बादशाही में क्या रखा है ! राघव चेतन ने कहा—यह तो पद्मिनी की दासी है ! पद्मिनी तो ऊंचे महलों के मध्य भाग में रहती है, उसके तो दर्शन ही दुर्लभ है ! इतने ही में पद्मिनी ने सहज भाव से शाही भोजन-समारोह को देखने के लिए रत्नजड़ित गवाक्ष की जाली में से झांका। राघव चेतन ने संकेत से पद्मिनी को दिखाया और रूप लुब्ध सुलतान को विह्वल और मूर्छित होते देख, उसे किसी युक्ति से प्राप्त करने की आशा देकर आश्वस्त किया।

भोजनान्तर राणा ने सुलतान को हाथी, घोड़े, वस्त्राभरण भेंट कर परस्पर हाथ मिलाये हुए चित्तौड़ दुर्ग में घूम घूम कर सारे विषम घाट-स्थान दिखलाए। सुलतान ने राणा से बा-

जाये भाई के सदृश प्रेम प्रदर्शित करते हुए विदा मांगी और हाथ पकड़े पकड़े प्रेमालाप पूर्वक पहुँचाने के बहाने वह उसे गढ के बाहर तक ले आया और राघव चेतन की सलाह से सुभटों द्वारा राणा को कब्जे कर गिरफ्तार कर लिया। राणा के साथ में जो थोड़े बहुत सुभट थे वे हक्के बक्के और किंकर्त्तव्य विमूढ हो गए। राणा के हाथ पैर में बेड़ी डाल दी गई। गढ में यह खबर पहुँचने पर सुभटों के बीच बैठकर वीरभाण अपना कर्त्तव्य स्थिर करने के लिए विचार विमंश करने लगा। इतने ही में दो शाही दूत आये और उन्होंने यह शाही सन्देश सुनाया कि—सुलतान पद्मिनी को प्राप्त करके ही राणा को मुक्त कर सकता है, उसे और किसी वस्तु की वांछा नहीं हैं! यदि आप लोग पद्मिनी को नहीं दोगे, तो शाही सेना द्वारा दुर्ग को चूर कर राज्य छीन लिया जायगा। वीरभाण ने सोच-विचार कर प्रातः काल उत्तर देने का कह कर दूतों को विदा किया।

वीरभाण ने सुभटों से नाना विचार विमर्श कर निश्चय किया कि पद्मिनी को देकर राणा को छुड़ा लेना ही श्रेयस्कर है! निर्नायक सुभट निरुपाय होकर सत्वहीन हो गए। वीरभाण के हृदय में अपनी माता के सौभाग्य उतारने में कारणभूत पद्मिनी के प्रति सद्भाव की न्यूनता थी ही। अतः पद्मिनी के लिए अपना रास्ता स्वयं निर्धारित करने के सिवा और कोई चारा नहीं रहा। वह अपनी शीलरक्षा के लिए प्राणों

की आहूति देने के लिए प्रस्तुत थी ही, पर किसी युक्ति से राणा भी मुक्त हो जांय और उसे भी तुर्कों के कब्जे में न जाना पड़े, ऐसा उपाय सोचने लगी।

पद्मिनी ने सुना था कि गोरा बादल नामक वीर काका-भतीजा किसी बात पर राणा से नाराज होकर घर जा बैठे हैं और उन्होंने ग्रास-गोठ को भी त्याग दिया है। वे चित्तौड़ त्याग कर काम-काज के लिए अन्यत्र जाने को प्रस्तुत हो रहे थे, उसी समय अचानक शाही आक्रमण हो गया; अतः उन्होंने चित्तौड़ छोड़ना स्थगित कर दिया है। अपने गाँठ का खर्च खाकर वे घर पर बैठे हुए हैं, (खेद है) ऐसे आत्माभिमानी वीरों को कोई नहीं पूछता। अतः उपस्थित समस्या का न्यायपूर्वक हल भी कैसे हो ? पद्मिनी उनके शौर्य्य की प्रसिद्धि से प्रभावित हो चकडोल पर बैठकर स्वयं वीर गोरा के घर गई। गोरा ने उसका स्वागत करते हुए कहा—माताजी ! आज मेरे घर पधार कर आपने बड़ी कृपा की, घर बैठे गंगा प्रवाह आने से मैं पवित्र हो गया, मेरे योग्य जो काम सेवा हो उसे फरमाइये ! पद्मिनी ने दुःख भरे शब्दों में कहा—क्या करूं ? ऐसे विकट समय में सुभटों ने क्षत्रवट खो कर मुझे तुर्कों के यहां भेजना स्वीकार कर लिया है, अब मुझे एकमात्र आपका ही भरोसा है, मैं इसी हेतु आपके पास आई हूं ! गोरा ने कहा—माताजी ! हमें कौन पूछता है ? हम तो अपनी गांठ का खर्च खाकर घर में बैठे हैं, पर आपने हमारे घर को चरण-धूलि से पवित्र कर

दिया तो अव किसी प्रकार का भय न लाकर निश्चिन्त रहें! आप जैसी रानी को देकर राजा को छुड़ाने का घटिया दाव खेलने से तो मर जाना ही श्रेयष्कर है! रानी ने कहा—इस तुच्छ बुद्धि के धनी तो राजा की तरह गढ को भी खो बैठेंगे! अतः इसीलिए मैं तुम्हारे शरण में आई हूँ। गोरा ने कहा— (तो ठीक है) मेरा भाई गाजण बड़ा भारी शूर वीर था, उसके पुत्र वादल से भी चल कर सलाह कर ली जाय!

गोरा और पद्मिनी, वादल के यहां गए। उसने सविनय जुहार करते हुए आने का कारण पूछा। गोरा ने सारा वृतान्त बताते हुए कहा कि—अपन दो व्यक्ति किस प्रकार शाही सेना को शिकस्त दें। पद्मिनी ने कहा भैया! मैं तुम्हारे शरणागत हूँ, यदि बचा सको तो बोलो, अन्यथा एक बार मरना तो है ही, मैं हर हालत में अपनी शील रक्षा तो करूंगी ही। पद्मिनी की प्रेरणा दायक बातें सुनकर वादल ने तत्काल राणा को छुड़ा लाने की प्रतिज्ञा की। पद्मिनी कृत-कार्य होकर अपने महल लौटी। वादल की माता और स्त्री ने उसे इस दुस्साहसपूर्ण प्रतिज्ञा से विचलित करने के लिये नाना मोह जाल फैलाया पर उस दृढ़-प्रतिज्ञ वादल को विचलित करना तो दूर, उलटे वीरोचित प्रेरणा उत्साह दिला कर अपने हाथों हथियार बँधा कर विदा करना पड़ा। वह काका गोरा के पास अश्वारूढ़ होकर कार्यक्षेत्र में उतरने की आज्ञा माँगने के लिए गया। जब गोरा ने उसे अकेले न जाने का कहा तो वादल ने उसे

यह कहकर आश्वस्त किया कि युद्ध में अपने दोनों साथ चलेंगे, अभी तो मैं केवल थाह-भाप देखकर आता हूं।

बादल तत्काल मेवाड़ी सुभटों की सभा में पहुंचा। उसे अचानक आये देखकर सब लोगों ने खड़े होकर सम्मान प्रदर्शित किया। वीरभाण कुमार आदि से खूब विचार-विमर्श करने के अनन्तर वह अकेला अश्वारूढ़ होकर शाही सेना की खबर लेने के लिए चल पड़ा। सुलतान ने जब अकेले बादल को आते देखा तो चमत्कृत होकर सम्मानपूर्वक उसे अपने पास बुलाया। बादल ने कहा मैं पद्मिनी का भेजा हुआ आया हूँ। अपना पूरा परिचय देते हुए उसने कहा—पद्मिनी ने जब से आपको देखा है, आपसे मिलने के लिए तड़प रही है, वह उस घड़ी की प्रतीक्षा में है, जब आप से उनका मिलना होगा। यह लीजिये उसने मुझे आपको देने के लिए चिट्ठी भी दी है, जिसमें अपनी आंतरिक अवस्था और विरह गाथा सविस्तार प्रदर्शित की है। आपका संदेश जब पद्मिनी को आपके पास भेजने के लिये गढ़ में पहुंचा तो सुभटों ने तो मरने मारने की तैयारी कर ली; पर मैं किसी प्रकार कुंवर वीरभाण व सुभटों को समझा-बुझाकर आया हूँ और आशा करता हूं कि आपका व पद्मिनी का मनोरथ पूर्ण करने में मुझे अवश्य सफलता मिलेगी।

बादल के प्रस्तुत किये नकली प्रेमपत्र को पढ़कर सुलतान पानी-पानी हो गया। उसके हृदय पर इसका सीधा असर हुआ

और वह बादल की बात को सर्वथा सत्य मानकर गारूड़ी मन्त्र-प्रभावित सांप की भांति पूर्णतया उसके अधीन हो गया। सुलतान ने कहा—मेरी लाज तुम्हारे हाथ है, बादल! जिस किसी प्रकार से सुभटों को समझा-बुझाकर पद्मिनी को मेरे पास भेजने में उन्हें सहमत कर लो! सुलतान ने बादल को सिरोपाव सहित लाख स्वर्णमुद्राएं देते हुए कहा कि काम बन जाने पर तुम देखना, मैं तुम्हारी कितनी इज्जत बढ़ाऊंगा! सुलतान ने पद्मिनी को प्रेम-पत्र भेजना चाहा तो बादल ने कहा—पत्र किसी अन्य व्यक्ति के हाथ लग जाने से ठीक नहीं। अतः मैं आपके सारे समाचार मौखिक ही सुनाऊंगा! इस प्रकार बादल ने मीठे वचनों से सुलतान को प्रसन्न कर विदा ली, सुलतान उसे पोलि द्वार तक पहुंचाने आया। बादल जब प्रचुर धन राशि लेकर घर लौटा तो माता व स्त्री को अत्यन्त प्रसन्नता हुई। गोराजी ने कहा—बादल अवश्य ही अपने काम में सफल होगा। पद्मिनी को भी अपने पति-मिलन का विश्वास हो गया। सब लोग उसके बुद्धिचातुर्य्य से हर्ष विभोर हो गए।

बादल ने राज-सभा में जाकर गुप्त मन्त्रणा की और तय किया कि दो हजार सुन्दर चकडोल जरी के वस्त्र और स्वर्ण-कलश मंडित तैयार हों, और प्रत्येक में दो दो शस्त्रधारी सुभट सन्नद्ध बद्ध रहें। बीच की प्रधान पालकी में गोराजी को बिठाकर पद्मिनी के रूप में उनका परिचय दिया जाय। उसे वस्त्रों

से इस प्रकार वेष्टित किया जाय कि मानों पद्मिनी के सौरभ से आकृष्ट भ्रमर-गुंजार से बचने के लिए ही ऐसा किया गया हो ! सुभटों वाली पालकियों में पद्मिनी की सखियाँ हैं ऐसा प्रचारित किया जाय। गढ़ से लेकर सेना पर्य्यंन्त इस प्रकार पालकियाँ आयोजित हों कि उनकी कड़ी सी जुड़ जाय। इस सारे काम को सम्पन्न करने में कुछ विलम्ब करना इधर मैं सुलतान के पास जाकर पहले राणाजी को छुड़ा लूं उसके बाद घात किया जायगा ! इस प्रकार बादल अपनी सारी योजना समझा कर सुलतान के पास गया। सुलतान हर्षपूर्वक उनसे मिला और पूछने लगा कि काम बनाया कि नहीं ? बादल ने कहा—किसी प्रकार समझा-बुझाकर पद्मिनी को सखियों के परिवार सहित लाया हूँ, सारी पालकियाँ गढ़ से उतर कर आ ही रही हैं ! पर सब लोग इस बात से शंकित हैं कहीं राणा भी न छूटे और रानी भी चली जाय। अतः उनके आश्वस्त होने के लिए आपकी सेना का यहां से प्रयाण हो जाना आवश्यक है ! यदि आपको भय हो तो पांच हजार सेना अपने पास रख सकते हैं ! पद्मिनी से मिलनोत्सुक सुलतान ने कहा—मैं भला किससे डरूं ? जगत मेरे से भय खाता है। तुमने भी बादल, चतुर होते हुए यह खूब कही ! उसने तुरंत चार हजार सुभटों को छोड़कर बाकी समस्त सेना को तुरन्त कूच करने की आज्ञा दे दी।

सुलतान ने पुनः बादल को सिरोपाव पूर्वक लाख स्वर्ण

मुद्राएँ दीं। वह सारा धन घर में रख आया और सुभटों को सारे संकेत समझाकर सुखपाल के आगे आगे स्वयं चलने लगा। बादल को देखकर सुलतान ने उसे अपने पास बुलाया। संयोग की बात थी कि राघवचेतन बड़ा भारी बुद्धिमान था, पर स्वामिद्रोह के पाप के कारण उसकी बुद्धि पर पत्थर पड़ गये, अस्तु। बादल ने निवेदन किया—पद्मिनी ने संदेश भेजा है कि आपकी सब रानियों में मुझे पटरानी स्थापित करना होगा। सुलतान के सहर्ष स्वीकार करने पर वह बार-बार स्वर्णकलश वाली तथा कथित पद्मिनी के पालकी और सुलतान के बीच संदेश लाने के बहाने फिरने लगा। उसने कहा—पद्मिनी ने कहलाया है कि हमें आते-आते बहुत देर हो गई, अब कृपाकर राणाजी से एक बार अंतिम मिलन का अवसर दें, क्योंकि लोक व्यवहार में मैं उनके साथ ब्याही गई थी, तो दो बात कर, उनसे अन्तिम विदा तो ले आऊँ! सुलतान को पद्मिनी का यह शिष्टाचार योग्य लगा और उसने तत्काल राणा रतनसेन को बन्धन मुक्त-कर देने का आदेश दे दिया। जब यह शाही आज्ञा लेकर बादल राणा के पास गया तो राणा ने कुपित होकर बादल से कहा—धिक्कार हो बादल! तुमने क्षत्रियत्व को लजाने वाला यह क्या सौदा किया? स्वामीद्रोह करने के साथसाथ तुमने सदा के लिये मेरे कुल में भी कलंक लगा दिया! बादल ने कहा—चिन्ता न करें, यह खेल दूसरा है, आपके भाग्य से सब अच्छा ही होगा।

इन वचनों से राणा मन ही मन सब कुछ समझ गया। सुलतान ने उसे पद्मिनी को जल्दी विदा देने की आज्ञा दी। राणा पालकियों के बीच में से बादल के संकेतानुसार तीर की तरह निकलता हुआ तुरन्त गढ़ में जा पहुँचा। उसके सकुशल पहुँचने के उपलक्ष में संकेतानुसार जंगी नगारे निसाण बजा दिये गये। चित्तौड़ गढ़ में राणा के पहुँचने से सर्वत्र हर्ष उल्लास छा गया।

जब गढ़ में नौबत बजते हुए सुने तो गोरा बादल ने समस्त सन्नद्धबद्ध सुभटों के साथ शाही सेना में मार काट मचा दी। विस्तृत शाही सेना तो पहले ही कूच कर कोसों दूर पहुँच चुकी थी। अतः जो चार हजार सुभट सुलतान के पास थे, गोरा और बादल ने घमासान युद्ध करके उनका सफाया कर डाला। अन्त में गोरा ने जब सुलतान पर आक्रमण किया तो वह भागने लगा। यह देख बादल ने कहा—काकाजी इस कायर निर्बल को छोड़ दो। भगते पर वार करना क्षात्र धर्म के विपरीत है। किले पर खड़े राणा आदि सभी लोग गोरा के वीरत्व की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे थे।

इस युद्ध में गोराजी काम आये, बादल ने सुलतान को जीवित छोड़ कर शाही लश्कर को लूट लिया। दो दिन के बाद सुलतान एक खवास के साथ मारा मारा फिरता नमाज के समय लश्कर के निकट पहुंचा। खवास के खबर करने पर अमीर उमराव आकर सुलतान से मिले। उसे सूना रवाना

और वेहाल देखकर उन लोगों ने पूछा कि अपना कटक और पद्मिनी आदि सब कहाँ रह गये ? सुलतान ने कहा—बादल ने हमारे से धोखा किया, पद्मिनी के भरोसे आई हुई पालकियों में से सुभट कूद पड़े और हमारे लश्कर को समाप्त कर डाला। मैं तो रहमान की कृपा से बड़ी मुश्किल से बच पाया हूँ। मैं वस्तुतः पद्मिनी के मोहजाल में भ्रान्त हो गया था, अन्यथा हिन्दू लोगों की मेरे सामने क्या बिसात थी। इसके बाद सुलतान अपने लश्कर के साथ दिल्ली चला गया। जब बेगमों ने सुलतान से पद्मिनी दिखाने की प्रार्थना की तो उसने कहा—पद्मिनी का मुँह काला किया, खुदा की दुआ से खैरियत हुई। सुलतान की बेगमें खमा! खमा! करने लगी, माता ने कहा—स्त्री के कारण रावण जैसों का राज गया, अब तो खुदा का ध्यान करते हुए आनन्द से राज करो।

सुलतान के भगने पर रणक्षेत्र शोधकर बादल चित्तौड़ दुर्ग में प्रविष्ट हुआ राणा ने उसे हाथी पर बैठाकर छत्र ढुलाते हुए गढ़ में लाकर नाना प्रकार से सन्मानित किया। पद्मिनी ने आशीर्वाद की झड़ियाँ लगा दी। उसे तिलक करके मोतियों से वधाते हुए पद्मिनी ने उसे अपना भाई करके माना। क्या घरों में और क्या बाजार में सर्वत्र बादल के यशोगान किये जा रहे थे। माता ने बादल को चिरंजीवी होने का आशीर्वाद दिया और स्त्रियों ने धवल मंगलपूर्वक हर्ष व्यक्त किया। काकी ने पूछा! तुम्हारे काका ने किस प्रकार शत्रुओं से लोहा

लिया? बादल ने कहा—माता! काकाजी की वीरता का कहाँ तक वर्णन करूँ। उन्होंने तो शत्रुसेना का इतना सफाया किया कि मात्र सुलतान अकेला किसी प्रकार बच पाया। काकाजी का शरीर इस महायुद्ध में तिल तिल-सा छिद्रित हो गया और वे स्वर्गपुरी के मेहमान हो गये। उन्होंने गढ़ की लज्जा रखी और अपने वंशको उज्वल किया।

पति की वीरता का बखान सुनकर गोरा की स्त्री के रोम-रोम में वीरत्व छा गया और वह पतिपरायणा सतवंती सत में अभिभूत होकर बादल से कहने लगी—बेटा! ठाकुर स्वर्ग में अकेले हैं और विलम्ब होने से अन्तर पड़ता जा रहा है। अतः अब काकी को शीघ्र ही ठिकाने लगाओ। बादल ने काकी के सत्त की प्रशंसा की। वह सुसज्जित होकर अश्वारूढ़ हुई और राम-राम उच्चारण करते हुए (गोरा के शव के साथ) अग्नि-प्रवेश कर गई।

बादल ने अपने बुद्धिबल, स्वामिभक्ति और शौर्य्य के बल पर राणा को छुड़ाया, दिल्लीपति को जीता और पद्मिनी की रक्षा की। उसका यश नवखण्ड में फैला। इस तरह पद्मिनी के शील-प्रभाव और बादल के सानिध्य से रत्नसेन राणा निर्भय राज्य करने लगे।

इसके बाद कवि लब्धोदय पद्मिनी चरित्र को सुखान्त समाप्त करता है और प्रशस्ति में अपनी गुरु परम्परा, वर्तमान आचार्य तथा राणा जगतसिंह की माता जंबूवती के प्रधान

कटारिया मंत्री भागचंद—जो इस रचना के प्रेरक थे—के वंश का परिचय देता है। अलाउद्दीन के पुनराक्रमण और पद्मिनी के जौहर की घटनाओं के सम्बन्ध में लब्धोदय तथा दूसरे सभी कवि मौन हैं।

मलिक मुहमद जायसी के 'पद्मावत' में लिखा है कि राणा को सुलतान अलाउद्दीन गिरफ्तार कर दिल्ली ले गया था पर जटमल प्रतिदिन गढ़ के नीचे राणा को लाकर उसके कोड़े मरवाने का उल्लेख करता है। तथा लब्धोदय आदि ने भी स्पष्ट लिखा है कि राणा को शाही शिविर में कैद किया गया था, और छुड़ा कर लाने की सारी घटनाएँ और संकेत इसी बात को पुष्ट करते हैं। नाभिनंदनोद्धार प्रबन्ध (रचना सं० १३७३) में श्री कक्कसूरि चित्रकूटपति को पकड़ कर गले में रस्सी बाँध कर नगर नगर में घुमाने का उल्लेख करते हैं जो चित्रकूट से अन्यत्र गमन के पक्ष में हैं। संभव है यह घटना पुनराक्रमण से सम्बन्धित हो। ऐतिहासिक तथ्यों को शोध कर प्रकाश में लाना विद्वानों का काम है।

पद्मिनी चरित्र चौपई

पद्मिनी महल, चित्तौड़

(फ़ोटो—आर्कियोलॉजिकल सर्वे विभाग-राजस्थान)

कवि लब्धोदय कृत

पद्मिनी चरित्र चौपई

प्रथम खण्ड

मंगलाचरण

दोहा

श्री आदीसर प्रथम जिन, जगपति ज्योति सरूप ।
निरभय[1] पद वासी नमुं, अकल अनंत अनूप ॥ १ ॥
चरण कमल चितस्युं नमुं, चउवीसम जिणचंद ।
सुखदायक सेवक भणीं, साचो सुरतरु कंद ॥ २ ॥
सुप्रसन सामणि सारदा, होयो[2] मात हजूर ।
बुद्धि दियो मुझ नै बहुत, प्रगट वचन पडूर ॥ ३ ॥
ज्ञाता दाता दान[3] धन, 'ज्ञानराज' गुरुराज ।
तास प्रसाद थकी कहुं, सती चरित सिरताज ॥ ४ ॥

कथा-प्रसङ्ग

गोरा बादल अति सगुण[4] सूर वीर सिरदार ।
चित्रकूट कीधो चरित, स्वामीधर्म साधार ॥ ५ ॥
सरस कथा नवरस सहित, वीर शृंगार विशेष ।
कहस्युं कवित कल्लोल स्युं, पूरव कथा संपेख ॥ ६ ॥
पदमणी पाल्यो शीलव्रत, बादल गोरा वीर ।
शील वीर गावत सदा, खांड मिली घृत खीर ॥ ७ ॥

१—निरभय २ हुज्यो ३ ज्ञानधर ४ गुणी

ढाल १—चउपई नी, राग रामगिरी

चित्तौड़-वर्णन

देश वड़ो 'मेवाड़' दयाल, प्रारथियां दुखियां प्रतिपाल।
'चित्रकूट' तिहां चावो अछे, पहोवी गढ़ वीजा तसु पछै ॥१॥
गावै मीठे सुर गंधर्व, सुरनर किन्नर देखे सर्व।
तापस तीर्थ तिहां अति कह्या, राम जिहां वनवासै रह्या ॥२॥
ऊंचो गढ लागो आकास, हर भूल्यो जाण्यो कविलास।
हर राणी तव कीधो हास, हिम[1] गढ चढ़ीयो[2] हेमाचल पास ॥३॥
वले[3] अति वांको छै गढ घणो, ऊंची पोलि अनैं सोहामणो।
कोसीसा जे ऊंचा कीया, गयण आलंवन थांभा दिया ॥४॥
वहैं नदी सीप्रा[4] विस्तार, कूप सरोवर[5] वावि अपार।
गौमुखकुंड प्रमुख वहुकुंड, पाणी जास पीइं पट खंड ॥५॥
संचा वस्त अनेको तणा, का न रहइ मननी कामिणा।
ऊंचा तोरण महल अनेक, एक-एक थी अधिका एक ॥६॥
सोवन दण्ड धजा करि सोहता, मनड़उ भविक तणा मोहता।
दीपै तिहां जिन शिव देहरा, मोटा सिहर सरद मेहरा ॥७॥
वारू चउरासी वाजार, हुँसी वैठा हारो हार।
राज महल अति रलीयामणा, पुण्य विना ते नहिं पावणा ॥८॥
च्यारे वर्ण वसइ अति चंग, पवन अढारें मन नें रंग।
माणिकचउक न लहैं माग, वन वाड़ी फल फूल्या वाग ॥९॥

---

१ इम २ रच्यों ३ वलय तीन ४ चित्रा ५ कूवा सरवर

इन्द्रपुरी जाणे अवतरी, कोडीधज लोके करि भरी।
नगर वर्णनो नावे पार, देव रचई[1] ए गढ सार ॥१०॥
चतुर सुणयो देइ नइ चित्त, गुरु मुख ढाल अरथ सुपवित्त।
'लब्धोदय' कहै पहली ढाल, आगइ सुणता अछै रसाल ॥११॥
[सर्व गाथा १८]

राजा वर्णन

दोहा

सूर वीर अति साहसी, सब राई मइ सिरमौर।
'रतनसेन' राणो तिहां, जा सम भूप न और ॥ १ ॥
जाकइ तेज प्रताप थइं, दुरजन[2] भागे सब दूर।
अंधकार कैसे रहइ, उदइ होइ जीहां सूर ॥ २ ॥
अविचल आज्ञा अवनि परि, न्याय निपुण निरभीक।
अरिगज भंजन केसरी, राखे खत्रीवट लीक ॥ ३ ॥
मानी मरदाना बली, दरबारइं दोय लाख।
सुभट खड़ा सेवा करइं, सुरपति पदइ ज्युं साख ॥ ४ ॥
हय गय रथ पायक हसम, करि न सकै कोइ मान।
रयण दयुस ठाढइ रहे, सनमुख सब राय राण ॥ ५ ॥

पटराज्ञी वर्णन

पटराणी 'परभावती', रूपे रम्भ समान।
देखत सुरनर किन्नरी, अइसी नारि न आन ॥ ६ ॥

1 नीमोयो 2 अरिजन गये छ दूर

चंदवदन गजराज गति, पनग वेणि मृग नयण ।
कटि लचकनी कुच भार तइं, रति अपछर हइ अयन ॥७॥

ढाल २ योगिना रा गीतनी राग-मल्हार

राणी अवर राजा तणें जी, रूप निधान अनेक ।
पिण मनड़ो परभावती जी, रंज्यो करीय विवेक । राजेसर ॥१॥
चतुराई चित दीध, राजेसर, मन मोती गुण वींध ॥रा० च०॥

सतर भक्ष भोजन सर्भे जी, नित-नित नवली[1] भांति । रा०
व्यंजन रूड़ी विध करइजी, खातां उपजें खांति । रा० ॥२॥ च०॥

रूपवंत नइ रागणी जी, गुणवंती गज गेलि ।रा०।
मन राजा रो मोहीयो जी, सोक्यां सहुइ ठेलि । रा० ॥३॥च०॥

भोजन तो परभावती जी, हाथ परुसइ हूँस ।रा०।
वीजी राणी वारणें जी, सहजें जाबा सुंस ।रा० ॥ ४ ॥ च० ॥

मांहो मांही मोहस्युं जी, रति सुख माणइ राय । स० ।
खिण एक विरह नवी खमइ जी, दीठां दोलति थाय ।रा०॥५॥च०॥

पालइ राम तणी परइ जी, न्यायइं राज नरेस । रा०
आप भुजा अरीअण हण्या जी, सरद कीया सहुदेस ॥६॥च०॥

राजकुमार वर्णन

जनम्यो पुत्र महाजसी जी, प्रतापी पुण्यवंत । रा०
'वीरभाण' वखते वड़ो जी, दिन दिन अधिक दीपंत॥७॥च०॥

1 नव नव

भोजन प्रसंग

एकण दिन भोजन समइं जी, दासी बोलै राज। रा०
पीउ पधारो भोजन समइं जी, ठाढो होवै नाज ॥रा०॥८॥च०॥
सिंहासन सोवन तणो जी, आवै बैठा राज। रा०।
रतन जड़ित थाली वड़ी जी, कनक कचोला साज[1] रा०॥९॥च०॥
रुड़ी परइं परूसइं रसवती जी, राजा जीमइ राग। रा०।
खाटा मीठा चरपरा जी, सखर वणाया साग। रा०॥१०॥च०॥
कदली दल हाथैं करी जी, ढोलै सीतल वाय। रा०॥
विचि विचि मीठी वातड़ी जी, जीमतां घणां जीमाय॥११॥च०॥
मोसा दोसा मसकरी जी, हासें वीनती तेह। रा०।
कहिवो हुवै ते सहु कहइं जी, भोजन अवसर जेह ॥१२॥च०॥
जीमतां रुड़ी जुगति स्युं जी, कहि राजा किण हेत। रा०।
स्वाद रहित सव रसवती जी, कां न करो चित चेत ॥१३॥च०॥
आजकालिए रसवती जी, निपट करो निसवाद। रा०।
कहि चतुराइ किहां गइ जी, कै पकड़्यो परमाद ॥१४॥च०॥
तव तटकी बोली तिसइं जी, राणी मन धरि रोस। रा०।
राणी[2] आणो कां नवी जी, वो मति मुगनै[3] दोस॥१५॥च०॥
म्हे केलवि जाणां नहीं जी, किसो अ करीजैं वाद। रा०।
पदमणि का परणो नवी जी, जिन भोजन हुवै स्वाद ॥१६॥च०॥

---

१ साज २ नारी ३ मूढ

राजा गुरु स्त्री आगि नो जी, नवि कीजैं आसंग ।रा०।
'लब्धोदय' इण परि कहें जी, बीजी ढाल सुरंग[1] ॥१७॥च०॥
[सर्व गाथा ४२]

पद्मिनी पाणिग्रहण प्रतिज्ञा

दोहा

रीसाणो ऊठ्यो तुरत, तजि भोजन तिण वार।
राणो तो हुं रतनसी, परणुं पदमणि नारि ॥ १ ॥
मोसा तो बोल्या सुनें, जइं में राख्यो मान।
हिवें परणुं तरुणी पदमणी, गालुं तुज्झ गुमान ॥ २ ॥
मूरिख तें मुझ नें गण्यो, वचन कह्यो अविचार।
जो पदमणि हाथे जीमस्युं, तो आवुं तुझ बार ॥ ३ ॥
मान गहेली माननी, विरुअउ बोल्यो वयण।
विण आदर न रहें कदे, सिंह सूर नें सयण ॥ ४ ॥

गाहा

जणणी जण बंधू, भजा गेह धणं च धन्नं च।
अवि माणया पुरिसा देस दूरेण छंडंति ॥ ५ ॥

दोहा

कीधी परतज्ञा इसी, मन सेती महाराय।
पदमणि परणु तो घरि रहुं, नहिं तो गिरि वनराय ॥ ६ ॥

---

1 सुचंग

सिंहलद्वीप प्रस्थान

ढाल (३) राग—मारु केदारो, चाल करतासुं तो प्रीति सहुं हूंसी करै

इम चित[1] विमासी राय, अश्व दोय घन भर्या रे। अ०
साथें एक खवास, छाना नीसर्या रे। छा० ॥ १ ॥

छल करि दोन्युं असवार कि, चाकर नें धणी रे। चा०
जाता नवि जाणें कोइ कि, गया ते भूंय घणी रे ॥ भू० ॥२॥

स्वामी कहुं कारिज साच कि, सेवक इम भणें रे। से०
अणजाण्यां आंधि न सेठ कि, दोड्यां किम घणें रे। दो० ॥३॥

विण गाम किहां थी सीम कि, मेह विण वादलह रे। मे०
ऊखर नवि ऊगें अन्न कि, न खेती विण हलह रे। न० ॥४॥

तिण हेतइं भाखो मुझ कि, गुझ हिरदें तणो रे। गु०
कीजै तसु उपरि काज कि, विचारी आपणो रे। वि० ॥५॥

तव बोल्यो राजा एम कि, परणुं पदमणी रे। प०
आदरि करि करिहु उपाय कि, वात कहुं सी घणी रे। वा० ॥६॥

बोलें सेवक धन्न मो पास कि, असंख्य मानें पणो रे। अ०
पिण नवि जाणुं गृह गाम कि, ठाम पदमणि तणो रे। ठा० ॥७॥

थानिक जाणे विण मारग कि, पड्यो भूभलां फिरै रे। प० ।
तरु तलि लीधो विश्राम कि, ते देह ऊमें रे। ते० ॥८॥

---

१ चितवि मन मइं

तिण वेला पंथी एक कि, भूख त्रिस भेदीयउ रे। भू०
विण अमलें गहिलें देह कि, पंथ[1] अति देखियउ[2] रे। पं० ॥६॥

अटवी मांहि माणस एक कि, जोतां नवि जुड़यो रे। जो०
तदि देख्यो राजा तेण कि, पगि आवी पड़यो रे। प० ॥१०॥

कीधा सीतल उपचार कि, अमल पाणी दीयो रे। अ०
भोजन मेवा वहु भांति कि, राय संतोषीयो रे। रा० ॥११॥

पंथीक नै कौतिक वात कि, राय पूछें वली रे। रा०
देख्यो तें पदमणी देश कि, किहा हि सांभली रे। कि० ॥१२॥

सुणि राजन सिंघलद्वीप कि, दक्षिण दिशि अछै रे। द०
आडो वहै जलधि अथाह कि, पार जेहनो न छै रे। पा० ॥१३॥

तिहां पदमणि नारि अनेक कि, रूपें अपछरी रे। रू०
सुणि राजा देइ कान कि, सीख तिण सुं करी रे। सी० ॥ १४ ॥

मनि आणियो महाराय कि, दीप सिंघल भणी रे। दी०
चालविया चपल तुरंग कि, पवन थी गति घणी रे। प० ॥ १५ ॥

लांघ्या गिर नगर निवाण कि, सूर अति साहसी रे। सू०
दोन्युं आया दरिया तीर कि, मन मांहि अति खुशी रे म०॥१६॥

जगि पुण्य सहाइ जास कि, तास पूजें मन रली रे। ता०
मुनि 'लब्धोदय' कहै एमकि, को न सकै कली रे। को० ॥ १७ ॥

---

1 पंख 2 खेदियउ

समुद्र वर्णन

दोहा

जल भरीयो दरीयो घणो, उछलता उफांन ।
कल्लोले कल्लोले थी, उदक वध्यों अनमान ॥ १ ॥

मच्छ कच्छ मांहि घणा, न सकै जाय जीहाज ।
न चले जोरो नीरस्युं, कीज्ये किसो इलाज ॥ २ ॥

चिंता मन भूपति चतुर, स्युं कीजै जगदीस ।
वेलि महा वीहामणी, पूजें केम जगीस ॥ ३ ॥

पदमणि स्युं पाणीग्रहण, विचि वारिधि अति सूर ।
ऊखाणो साचो हुओ, वाघ नदी जल पूर ॥ ४ ॥

गुड़ मीठो ऊंडी नदी, आय मिल्यो ए न्याय ।
हिकमति सी कीजी हिवें, कीजें कोड उपाय ॥ ५ ॥

योगी मिलन

जावइं आयो जेहवें, सेवक लीधो साथ ।
जोग पंथ साधइ जुगति, निरख्यो अवधूनाथ ॥ ६ ॥

काने मुद्रा कनक की, आसण चीता चर्म ।
लगाय विभूति तप जप करें, ते साधै शिव धर्म[1] ॥ ७ ॥

---

१ शर्म

ढाल (४)—सिहरां सिहर मधुपुरी रे, कुमरां नंदकुमार रे एदेशी

राग—कालहरो

सिध साधक योगी भणी रे, जाय कीयो आदेश रे।
वार वार वीनति करी रे, लागो पाय नरेश रे॥ १॥
वाल्हेसर सांमी, मानि नें तु अंतरयामी,
मानि नें शिवगति गामी, वीनतड़ी मुझ मानो वा०॥ आंकणी॥
मुझ मनि सिंघलद्वीप नी रे, पदमणि देखण चाह।
तुझ परसादे सहु हुस्यें रे, हिव मुझ सी परवाह रे वा०॥ २॥
विविध विनय वचने करी रे, सुप्रसन्न हुओ सांम।
आँखि उघाड़ी देखीयो रे, बोलायो ले नाम रे। वा०॥ ३॥
भूपति मन अचरिज थयो रे, किम जाण्यो मुझनांम।
ए ज्ञानी आयस अछै रे, पूरवस्यें मुझ हांम रे।वा०।४।
जोगी जंपे राणजी रे, तु आयो मुझ थांन।
कारिज थांरो हुँ करु रे, जो गुरु लागो कान रे।वा०।५।
ईम कही सांही समरणी रे, हाथे वेऊ असवार रे।
आयस अंबर ऊडीयो रे, लागी वार न लिगार रे।वा०।६।

सिंहलद्वीप प्रवेश

सिंघलद्वीपे मूकि नें रे, आयस हूअउ अलोप रे।
राजा रो मन रंजीयो रे, देख्यो नगर अनोप रे॥ वा०।७।

पद्मिनी दर्शन

सोवन महल सोहामणा रे, इन्द्रपुरी अवतार।
रतनजड़ित गोखें भली रे, बैठी राजकुमार रे॥ढा०॥८॥
साथें सखी रे झूलरें रे, गज गति चालें गेल।
चतुरां मनड़ो मोहती रे, साची मोहन वेलि रे।ढा०॥९॥
थानिक थानिक नव नवा रे, नाटिक निरखें राय।
हय गय हाट पटण घणा रे, जोतां आवा जायरे।ढा०॥१०॥

ढंढेरा श्रवण

नगर मध्य आया तिसें रे, ढंढेरा नो ढोल।
राजा वाजा सांभली रे, बोलें मधुरा बोल रे।ढा०॥११॥
पटह छबी नइं पूछीयइ रे, ढोल वाजे किण काज।
तव बोल्या चाकर तिके रे, वात सुणो महाराज रे।ढा०॥१२॥
सिंहलद्वीप नो राजीयो रे, 'सिंघलसिंघ' समान।
तास बहिन पदमणी रे, रूपें रंभ समान रे॥ढा०॥१३॥
जोवन लहर्यां जाय छे रे, परणें नहिं ते बाल।
परतिज्ञा जे पूरवे रे, तासु ठवें वरमाल रे।ढा०॥१४॥
जीपें बांधव नइं जिको रे, ते परणें भरतार।
तिण कारण मुझ राजीयो रे, पडह दीयो तिण वार रे।ढा०॥१५॥
'रतनसेन' राजा कहै रे, हुं जीपूं निरधार।
मल्लाखाड़ें रण मुखें रे, रामति करण प्रकार रे।ढा०॥१६॥
राजा मन आणंदीयो रे, रामति जीपें सूर।
सुणि पंथी शेत्रुंजनी रे रामति जीपें जेह रे।ढा०॥१७॥

वाचा साची आपस्युं रे, आपुं अति सनेह ।
अर्द्ध राज भंडार नो रे, भग्नीपति हुइ जेह रे ।वा०॥१८॥
राजा मन आणंदियो रे, रामत्ति जीपें एह ।
'लब्धोदय' कहैं सदा रे, पुण्य सहाय तेह रे ।वा०॥१६॥

क्रीड़ा विजय

दोहा

'रतनसेन' राजा कहैं, पूछो सिंघल भूप ।
कओल थकी चूके नहिं, कीजें खेल अनूप ॥ १ ॥
सेवक जाइ विनम्यो, हरख्यो सिंघल राय ।
बोलावी बहु 'मानसुं', वइठण दीधो ताय ॥ २ ॥
रामति रमवा रंग स्युं, बैठा बेऊं आय ।
जाणै सूर अनें ससी, मिलीया एकण ठाय ॥ ३ ॥
पासे बैठी पद्‌मणी, कोमल कंचन काय ।
राणो रूड़ी विधि रमें, तिम तिम आवैं दाय ॥ ४ ॥
ए छै कोई राजवी, रूपवंत रति राज ।
जो जीपें किम ही करी, तू तोठो महाराज ॥ ५ ॥

ढाल (५) ढुंढणीया री मेवाड़ी देशी, मेवाड़ि देशे प्रसिद्धास्ति

रमतां हे सखि रमतां रूड़ी रीत,
रसीयो हे सखि रसियो पद्‌मणि मन वस्यो जी ।
जीतो हे सखि जीतो हे राणो जोध,
सिंघल हे सखी सिंघल हार्‌यो मन उलस्यो जी ॥१॥

दोहा

पान पदारथ सुघड़ नर, अण तोल्या विकाय।
जिम-जिम पर भूयें संचरें, (तिम) तिम मोल मुहंगा थाय ॥१॥
हंसा ने सरवर घणा, कुसुम घणा भमरांह।
सुगुणा[1] नें सज्जन घणा, देश विदेश गयांह॥ २ ॥

पद्मिनी विवाह

ढाल तेहिज

रंगे हे सखि रंगे घालैं वरमाल,
घालै हे सखि घालैं हे जयसुख उचरें जी।
सिंघल हे सखि सिंघल भूप सनेह,
रूड़ी हे सखि रूड़ी हे साहमणि करें जी ।२।
वहिनी हे सखि वहिनी हे पद्मणि विवाह,
कीधो हे सखि कीधो लीधो जस घणो जी।
आधो हे सखि आधो हे देस भंडार,
दीधो हे सखि दीधो कओल सुहामणोजी ।३।
दासी हे सखि दासी हे दोय हजार,
रूपे हे सखि रूपे हे रति रम्भा वणी जी।
हाथी हे सखि हाथी हे हैवर हेम,
परिघल हे सखि परिघल द्यैं पहिरावणी जी ।४।
राणी हे सखि राणी हे अति हे सरूप,
एहवी हे सखि एहवी नारि न को अछै जी।

१ सापुरिसां थानिक घणा

भमरा[1] हे सखि भमरा भमइं अनन्त,
नारी हे सखि नारि हे सहु तिण पछै जी ।५।
परिमल हे सखि परिमल महकै पूर,
वासें हे सखि वासें हे भमरा चमकीया[2] जी ।
माणस हे सखि माणस केही मात[3],
हींसे हे सखि हींसे हे देव तणा हिया जी ।६।
राणो हे सखि राणो हे अति रंढाल,
घरणी हे सखि घरणी मनहरणी वरी जी ।
मननी हे सखि मननी हे पूगी आस,
सफली हे सखि सफली परतंग्या करीजी॥ ।७।
दिन दिन हे सखि दिन दिन नव नव भोग,
पूरें हे सखि पूरें हे सिंघल सुख सहु जी ।
रलीया हे सखि रलिया दिन नें रात,
रहतां हे सखि रहतां हे दिवस वहू जी ।८।
अवसर हे सखि अवसर हे पामी राय
मांगे हे सखि मांगे घर नी सीखड़ी जी ।
वीनती हे सखि वीनती हे तुम्ह स्युं एह,
मां सुं हे सखी मांसुं हे मति करयो अड़ी जी ॥६॥

---

१ रम्भा हे सखि रम्भा रति इंद्राणी, अपछर हे सखि अपछर पद्मणि रइ अछै जी २ वसिकीयाजी ३ गात

॥ साहसियां लच्छी हुवइ, नहु कायर पुरसांह
काने कुण्डल रयणमइ, मसि कज्जल नयणांह १

राजा हे सखी राजा हे सिंघल नाम,
राणी हे सखि राणी हे पहुंचावण भणी जी ।
साथें हे सखी साथे सैन्य अपार,
आवें हे सखि आवें हे तटि दरिया तणें जी ॥१०॥
पूर्या हे सखी पूर्या हे सथ्थल जीहाज,
बैंठा हे सखी बैंठा दोन्यु राजा रंगस्यु जी ।
पुहुँच्या हे सखी पहुँच्या हे वारिधि पार,
सेना हे सखी सेना हे घणी चतुरंग स्युं जी ।११।
तंबू हे सखी तंबू हे दरीया तीर,
खांच्या हे सखि खांच्या हे दल वादल भला जी ।
महीमांनी हे सखी महीमांनी हे घणे हेत,
मांडया हे सखी मांड्या हे भोजन भला[1] जी ॥१२॥
मांहो मांहि हे सखी मांहो मांहि हे रंग,
गाढा हे सखि गाढा सुख दोन्यु सगा जी ।
चलीयो हे सखी चलीयो हे सिंघल भूप,
पुंहुंचावी हे सखी पहुंचावी हे दरिया लगे जी ॥१३॥
जाणी हे सखी जाणी हे राणा जाति,
हरख्यो हे सखी हरख्यो हे सिंघलपति सही जी ।
सीधा हे सखि सीधा हे वंछित काज,
पद्मणी हे सखि पद्मणी हे मन में गहगही जी ॥१४॥

---

१ भटकलाजी

पुण्यें हे सखी पून्ये हे सघला सुख,
रन[1] मइं हे सखि रन में हे रंग लीला लहै जी।
पामें हे सखी पामें हे नव निधि सुख,
मुनिवर हे सखी मुनिवर हे लब्धोदय कहै जी ॥१५॥

परवर्त्ती चित्तौड़ प्रसंग

दोहा

वात सुणो हिव पाछली, राजा नी मन रंग।
छानो छटक्यो भूपती, कोई न लीधो संग ॥ १ ॥
राजा विण सोभे नहीं, राज सभा ने रात।
सोभो गढ सारैं कीयो, पिण नवी[2] जाणी वात ॥ २ ॥
जाय पूछ्यो महल में, राणी भाख्यो साच।
पद्मणि परणेवा सही, चाल्यो पालण वाच ॥ ३ ॥
सभा मांहि बैठो सकज, वीरभाण वड़ वीर।
कूड़ी वातज केलवी, पालें राज सधीर ॥ ४ ॥
लोकां आगें इम कहै, मांहि बैठा जाप।
जपें प्रथवीपति जेहथो, पहवी वधइं प्रताप ॥ ५ ॥

ढाल ६—ता भव वंधण थी छोड़ि हो नेमीसर जी, ए देसी

इम पालता राज हो राजेसर जी,
वउल्या पट खंड मास उपर वलि दिन घणा।
संकाणा मन मांहि हो राजेसर जी,
सहु कोई सेवक राणा तणा जी ॥ १ ॥

---

१ रन्नइ हे सखि रन्नइ वेलाउल लहैजी २ मवि लाधी वात

वाहिर नव-नव खेल हो रा० राति दिवस करतो रहतो खड़ो जी।
मुंहल मूल न देइ हो रा० मास्यो होइं रखे राजा वड़ो जी ॥२॥

चित्तौड़ आगमन

करता एहवी वात हो रा० राजा आयो रतन सुहामणो जी।
हैंवर दोय[1] हजार हो रा० गेंवर दोय सहस गाजे घणा जी ॥३॥
पालखी परधान हो रा० दोय हजार सहेली सुंदरी जी।
पटराणी ता वीच हो रा० सोवन कलसे पालखी करी जी ॥४॥
मदमाता मातंग हो रा० हींसे हय पायक वल अति घणाजी।
आया ते चित्रकोट हो रा० शूरा पूरा सुभट सुहामणा जी ॥५॥
नेजा कुहक वाण हो रा० वाजे वाजा पंच शवद भला जी।
सूणीय नासें शत्रु हो रा० रजि ऊडी रवि छायो वादला जी ॥६॥
परदल आया जाणि हो रा० कोलाहल हलचल हुई अति घणीजी।
चित चमक्यो वीरभाण हो रा० धाया शूर सुभट
